●वर्ष : 16 ●अंक : 246 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

रविवार 29 दिसम्बर 2024

## समाचार

### पुणे के स्कूल के प्राधानाचार्य की पिकनिक के दौरान डूबने से मौत

**पुणे।** स्थित एक स्कूल के प्रधानाचार्य की शनिवार को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के काशीद तट पर डूबने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार अपराह्न को हुई जब पुणे के हवेली तालुका के महात्मा ज्योतिराव हाई स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र देशमुख कुछ शिक्षकों के साथ मुरुद के काशीद समुद्र तट पर पिकनिक मनाने गए थे और तैर रहे थे। अधिकारी ने बताया, देशमुख के साथ आए शिक्षकों और समुद्र तटीय बचाव दल ने उन्हें पानी से बाहर निकाला और बोरली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। उन्हें बाद में अलीबाग के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुरुद पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

### भजनलाल सरकार का बड़ा फैसला, गहलोत राज में बने इन 9 जिलों को किया खत्म

**राजस्थान।** सरकार ने आज कैबिनेट बैठक में कुल नौ जिलों को भंग कर दिया है। अशोक गहलोत सरकार में 17 नए जिलों और तीन नए संभागों की घोषणा की गई थी, लेकिन आचार संहिता से पहले नए जिले और संभाग बनाना अनुचित माना गया। परिणामस्वरूप, जिलों को रद्द कर दिया गया। भजनलाल सरकार ने पिछले प्रशासन के कुछ नए प्रस्तावित जिलों को अव्यवहारिक माना और उनका मानना ??था कि इससे राजस्थान पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जो राज्य के हित में नहीं था। बदलाव के बाद अब कुल 41 जिले और 7 मंडल होंगे। डूडू, केकड़ी, शाहपुरा, नीमकाथाना, गंगापुर सिटी, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण, अनूपगढ़ और सांचोर को भंग कर दिया गया है। बालोतरा, ब्यावर, डीग-कुम्हेर, डीडवाना-कुचामन, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, फलौदी और सलूम्बर को बरकरार रखा गया है। पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा घोषित 20 नए जिलों में से केवल आठ ही क्रियाशील रहेंगे। पिछले प्रशासन के दौरान बनाए गए नए प्रभागों को बरकरार नहीं रखा जाएगा। 1 जुलाई को, राजस्थान सरकार ने एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया, जिसे नव निर्मित जिलों और डिवीजनों के अस्तित्व से संबंधित आवश्यक पहलुओं की समीक्षा करने का काम सौंपा गया।

# राजकीय सम्मान के साथ पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का हुआ अंतिम संस्कार

## राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी भी रहे मौजूद

### ››› जब तक सूरज चांद रहेगा, मनमोहन आपका नाम रहेगा'

मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड से निगमबोध घाट के लिए निकली. पार्थिव शरीर के साथ मुख्य वाहन में राहुल गांधी भी बैठे नजर आए. कांग्रेस मुख्यालय से निगमबोध घाट तक उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई, तो इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता जब तक सूरज चांद रहेगा, मनमोहन आपका नाम रहेगा' और मनमोहन सिंह अमर रहें' नारे लगाते रहे।

### ›› कांग्रेस मुख्यालय में अंतिम दर्शन

अंतिम यात्रा से पहले सिंह का पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड' में रखा गया था, जहां कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व प्रधानमंत्री का पार्थिव शरीर उनके आवास से सुबह करीब नौ बजे कांग्रेस मुख्यालय लाया गया, जहां पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उनके अंतिम दर्शन के लिए पहले से ही इंतजार कर रहे थे।

नूना न्यूज एजेंसी।





### ››› मनमोहन सिंह को अंतिम विदाई

डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर रखे जाने के बाद सोनिया गांधी, खरगे, राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा तथा पार्टी के कई अन्य नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी. डॉ. सिंह की पत्नी गुरशरण कौर और उनके परिवार के कुछ अन्य सदस्य भी कांग्रेस मुख्यालय में मौजूद थे। गुरशरण कौर ने भी पुष्प अर्पित करके अपने पति को अंतिम विदाई दी. राहुल गांधी मनमोहन सिंह के परिवार को ढांढस बंधाते हुए उनके साथ पार्टी मुख्यालय के भीतर दाखिल हुए।

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ कर दिया गया है, वह पंचतत्व में विलीन हो गए हैं. अब वह, हर हिंदुस्तानी की यादों में रहेंगे. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी समेत कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे. मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर को आज सुबह साढ़े आठ बजे के लगभग कांग्रेस मुख्यालय में अंतिम दर्शन के लिए लाया गया, जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

२५पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहले से ही कतारबद्ध थे और उन्होंने भारतीय राजनीति के इस सौम्य नेता को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी. कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने राष्ट्रगान गाकर उन्हें विदाई दी. कांग्रेस ने निगमबोध पर अंत्येष्टि के सरकार के फैसले पर सवाल खड़े करते हुए शुक्रवार को कहा था कि सिंह का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर होना चाहिए जहां उनका स्मारक भी बन सके। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया था कि सिंह की अंत्येष्टि और स्मारक के लिए स्थान नहीं ढूंढ पाना भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री का जानबूझकर किया गया अपमान है।

इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार रात कहा था कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए स्थान आवंटित करेगी. भारत में आर्थिक सुधारों के जनक कहे जाने वाले पूर्व वित्त मंत्री और दो बार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार को निधन हो गया था. वह 92 साल के थे. डॉ. सिंह का पार्थिव शरीर शुक्रवार को उनके आवास 3 मोतीलाल नेहरू मार्ग' पर लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था, जहां दलगत भावना से ऊपर उठकर नेताओं ने दिवंगत नेता को अंतिम श्रद्धांजलि दी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई प्रमुख नेताओं तथा अन्य हस्तियों ने मनमोहन सिंह को उनके आवास पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी थी। कांग्रेस नेता सिंह 2004 से 2014 तक 10 वर्ष देश के प्रधानमंत्री रहे और उससे पहले उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत करने में मदद की। वह वित्तीय और आर्थिक क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर एक प्रसिद्ध नाम थे। उनके नेतृत्व वाली सरकार ने सूचना का अधिकार (आरटीआई), शिक्षा का अधिकार (आरटीई) और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) जैसी युग परिवर्तनकारी योजनाओं की शुरूआत की।

## ज्चलंत मुद्दा
## सम्पादकीय



### उदारीकरण एवं आर्थिक सुधार के महासूर्य का अस्त होना!

भारत के धुरंधर अर्थशास्त्री, प्रशासक, कद्दावर नेता, दो बार प्रधानमंत्री रह चुके डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से आर्थिक सुधार का महासूर्य अस्त हो गया, भारतीय राजनीति में एक संभावनाओं भरा राजनीति सफर ठहर गया, जो राष्ट्र के लिये एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। वे निश्चित ही आर्थिक सुधारों एवं उदारीकरण के नींव के पत्थर थे, मील के पत्थर थे। वे आर्थिक सुधार की बुलंद आवाज थे। उन्हें आर्थिक सुधार, भारत में वैश्विक बाजार व्यवस्था एवं उदारीकरण का जनक कहा जा सकता है। जिन्होंने न केवल देश-विदेश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हो गये हैं। डॉ. सिंह यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त राष्ट्रनायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, भारत में नये अर्थ के निमार्ता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को आर्थिक महाशक्ति का एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. सिंह के निधन पर कहा है कि जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करना आसान बात नहीं है। एक नेक इंसान के रूप में, एक विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार चलाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेबाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संभल में जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी, भड़के असदुद्दीन ओवैसी

### योगी सरकार पर साधा निशाना

नूना न्यूज एजेंसी।



**संभल।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को संभल में जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी के निर्माण पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के पास शराब बार और पुलिस चौकियों के अलावा किसी और चीज के लिए पैसा नहीं है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि संभल में जामा मस्जिद के सामने पुलिस चौकी बनाई जा रही है। देश के किसी भी कोने में चले जाइये, वहां की सरकार न तो स्कूल खोलती है और न ही अस्पताल। अगर कुछ बना है तो वह है पुलिस चौकी और शराबखाना। ओवैसी ने आगे कहा कि सरकार के पास किसी और चीज के लिए पैसे नहीं होते, बस पुलिस चौकी और शराब खाने के लिए पैसे होते हैं। डेटा खुद ये कहता है कि मुसलमानों के इलाकों में सबसे कम सरकारी सुविधाएँ फराहम की जाती हैं। संभल में जामा मस्जिद के पास एक नई पुलिस चौकी का निर्माण शुरू हो गया है और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) को तैनात किया गया है। यह विकास क्षेत्र में हाल की हिंसा के बाद आया है, जिसके परिणामस्वरूप लोग हताहत हुए हैं, और इसका उद्देश्य सुरक्षा को मजबूत करना और आगे की अशांति को रोकना है। एएसपी संभल श्रीश चंद्र ने कहा कि संभल की जामा मस्जिद के पास की जगहों की सुरक्षा के लिए इस पुलिस चौकी का निर्माण कराया जा रहा है। इसी उद्देश्य से निर्माण कराया जा रहा है। एसपी कृष्णन कुमार बिश्नोई ने जोर देकर कहा कि सुरक्षा बढ़ाने, न्याय की सुविधा और बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस चौकियां स्थापित की जा रही हैं। जिला मजिस्ट्रेट डॉ राजिंदर पेंसिया ने यह भी साझा किया कि कुओं को फिर से खोलने के प्रयास चल रहे हैं और संभल में सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

## बाहर भंडारा लगा दो, भिड़ लग जाएगी...
## केजरीवाल के आरोपों पर संदीप दीक्षित का पलटवार

नूना न्यूज एजेंसी।




**दिल्ली।** के उपराज्यपाल (एल-जी) ने मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर महिलाओं को 2,100 रुपये देने के आप के चुनावी वादे, कांग्रेस उम्मीदवारों के आवासों के पास पंजाब खुफिया अधिकारियों की मौजूदगी के आरोपों और कथित आवाजाही की जांच करने को कहा है। कांग्रेस के संदीप दीक्षित की शिकायतों के बाद ये निर्देश जारी किए गए। इसको लेकर अरविंद केजरीवाल भाजपा और कांग्रेस पर हमलावर हो गए हैं। हालांकि, संदीप दीक्षित ने केजरीवाल पर पलटवार किया है। संदीप दीक्षित ने कहा कि जिस भी योजना में आप पैसा बांटेंगे वह मशहूर हो जाएगी, 'बाहर भंडारा लगा दो, भिड़ लग जाएगी'। उन्होंने महिलाओं को दोबारा निर्वाचित होने पर 2100 रुपये देने की योजना की घोषणा की, एक पार्टी होने के नाते वे ऐसा कर सकती हैं। हमारा सवाल यह था कि उन्होंने पंजाब में 1500 रुपये देने की ऐसी ही योजना की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक यह मुहैया नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि सीएम आतिशी ने कहा कि हम महिलाओं को 1000 रुपये दे रहे हैं और चुनाव के बाद अगर हम जीतते हैं तो इसे 2100 रुपये बढ़ा देंगे। बाद में अखबार में विज्ञापन आया कि उनकी (सरकार की) ऐसी कोई योजना नहीं है। यानी सीएम आतिशी खुद कह रही हैं कि सीएम (आतिशी) झूठ बोल रही हैं। न तो कांग्रेस, न ही बीजेपी, एलजी या मीडिया ने ऐसा कहा है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को भाजपा और कांग्रेस पर हमला किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने कहा था कि चुनाव जीतने के बाद हम महिलाओं को 2100 रुपये और 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज करेंगे। ये दोनों योजनाएं जनता के लिए इतनी फायदेमंद थीं कि इनके लिए लाखों लोगों ने पहले ही रजिस्ट्रेशन करा लिया था। केजरीवाल ने साफ तौर पर कहा कि इससे बीजेपी घबरा गई, कई बीजेपी नेताओं ने मुझसे कहा कि जीतने की बात तो छोड़िए, कई जगहों पर बीजेपी की जमानत जब्त हो जाएगी। पहले अपने गुंडे भेजे, फिर पुलिस भेजकर रजिस्ट्रेशन कैंप उखाड़ दिया, आज फर्जी जांच का आदेश दिया है कि जांच होगी।

## कांग्रेस को अपना इतिहास याद रखना जरूरी...
### जेपी नड्डा का राहुल गांधी पर वार



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने निगमबोध घाट पर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार करने के लिए केंद्र सरकार पर हमला किया और कहा कि पूर्व वित्त मंत्री सर्वोच्च सम्मान और स्मारक के पात्र हैं। वहीं, भाजपा की ओर से पलटवार किया गया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि यह सचमुच बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के दुखद निधन पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। नड्डा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह को जीते जी कभी सम्मान न देने वाली कांग्रेस अब उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर रही है। यह वही कांग्रेस है जिसने सोनिया गांधी को पीएम मनमोहन सिंह से ऊपर सुपर पीएम बनाकर पीएम पद की गरिमा को तार-तार कर दिया था। राहुल गांधी ने अध्यादेश फाड़कर पीएम मनमोहन सिंह का अपमान किया। और आज वही राहुल गांधी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने देश के किसी भी बड़े नेता को न तो सम्मान दिया और न ही उनके साथ न्याय किया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि चाहे वो कांग्रेस पार्टी के हों या विपक्ष के, चाहे वो बाबा साहब अंबेडकर हों, देश के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र बाबू हों, सरदार पटेल हों, लाल बहादुर शास्त्री हों, पीवी नरसिम्हा राव हों, प्रणब दा हों, अटल बिहारी वाजपेयी हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पीएम मनमोहन सिंह की समाधि के लिए जगह दे दी है और परिवार को भी सूचित कर दिया है। फिर भी कांग्रेस झूठी खबरें फैला रही है। कांग्रेस का इतिहास याद रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की मृत्यु के बाद दिल्ली के राजघाट परिसर में समाधि स्थल बनाने की मांग उठी थी। लेकिन उस समय सोनिया गांधी ने इसे खारिज कर दिया था। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे जिन्होंने 2015 में उनके लिए एक स्मारक की स्थापना की थी। जब 2020 में पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ प्रणब मुखर्जी का निधन हो गया, तो कांग्रेस कार्य समिति को इसकी परवाह तक नहीं हुई शोक सभा बुलाने के लिए। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य कांग्रेस पार्टी के नेताओं को ऐसी घटिया राजनीति से बचना चाहिए।

# नीतीश कुमार कर लिया गया है हाईजैक

## अधिकारी चला रहे हैं सरकार, तेजस्वी यादव का बड़ा आरोप

नूना न्यूज एजेंसी।

**नइग दिल्ली।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने कथित प्रश्न पत्र लीक के बाद दोबारा परीक्षा की मांग को लेकर बीपीएससी अभ्यर्थियों के चल रहे विरोध प्रदर्शन पर बिहार सरकार की आलोचना की। यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर सवाल उठाया और निष्पक्ष समाधान की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि अगर (बीपीएससी) प्रश्नपत्र लीक हुआ था, तो सभी के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि नीतीश कुमार होश में नहीं हैं। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार बिहार की सरकार नहीं चला रहे हैं। कुछ लोग सरकार चला रहे हैं, जो रिटायर्ड अधिकारी हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके जो दो-चार नेता हैं, वह लोग नीतीश की सरकार चला रहे हैं। इन लोगों ने पूरी तरीके से नीतीश कुमार को हाईजैक कर लिया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यहां (बिहार में) कोई सरकार है भी? सीएम नीतीश कुमार अब निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं। वह अब सिर्फ एक चेहरा हैं। उन्होंने कहा कि अगर (बीपीएससी) का प्रश्न पत्र लीक हुआ था तो सभी के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए। परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि पेपर लीक के आरोप निराधार हैं और इसका कोई सबूत नहीं है। बीपीएससी परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि 13




दिसंबर को आयोजित पूरी बीपीएससी परीक्षा रद्द करने का कोई सवाल ही नहीं है। बीपीएससी ने बापू परीक्षा परिसर केंद्र पर आयोजित प्रारंभिक परीक्षा को केवल परीक्षा में व्यवधान डालने की साजिश के तहत उपद्रवी अभ्यर्थियों के एक समूह द्वारा उत्पन्न व्यवधान के कारण रद्द करने का निर्णय लिया है। पुनः परीक्षा चार जनवरी को शहर के किसी अन्य केंद्र पर आयोजित की जाएगी। सिंह ने कहा, हमें जानकारी मिली है कि निजी कोचिंग संस्थानों का एक समूह अभ्यर्थियों को भड़का रहा है... और वे पूरी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर छात्रों को संगठित कर रहे हैं। उनकी मांग निराधार है। बीपीएससी परीक्षा नियंत्रक का यह बयान ऐसे समय में आया है जब कई राजनीतिक हस्तियां प्रदर्शनकारियों के समर्थन में उतर आई हैं। प्रदर्शनकारी एक सप्ताह से अधिक समय से लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं और एक बार तो उन्होंने बीपीएससी परिसर में घुसने की कोशिश भी की थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की थी।

## बीपीएससी छात्रों के प्रदर्शन में शामिल हुए प्रशांत किशोर

नूना न्यूज एजेंसी।

**बिहार।** जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के उन अभ्यर्थियों के साथ शामिल हो गए हैं जो 70वीं बीपीएससी परीक्षा की दोबारा परीक्षा की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। इस दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि सबने मिलकर तय किया है कि बिहार के बच्चों के भविष्य के लिए... कल सभी छात्र, सभी युवा, अपने भविष्य को लेकर चिंतित लोग एक साथ गांधी मैदान में गांधी प्रतिमा के नीचे बैठेंगे और मिलकर योजना तय की जायेगी कि कैसे बिहार के छात्रों का भविष्य बचाया जा सकता है। किशोर ने आगे कहा कि ये पूरा आंदोलन छात्रों का है, इसका नेतृत्व छात्र ही करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी है, इसे कोई नीतीश कुमार, कोई नेता लाठीतंत्र नहीं बना सकता। इससे पहले शुक्रवार को पटना के गर्दनीबाग में छात्रों से बात करते हुए, किशोर ने छात्रों पर 'लाठीचार्ज' की निंदा की और एनडीए के नेतृत्व वाली सरकार से दो बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया। नीतीश सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में पिछले 1-2 साल से लोकतंत्र को 'लाठीतंत्र' में बदल दिया गया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि समाज का कोई भी वर्ग अगर सरकार के सामने अपनी बात कहने आता है तो उस पर लाठियां बरसाना एक तरीका बन गया है। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों की बात सुननी होगी। यदि समाज का कोई भी वर्ग लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रख रहा है तो उस पर लाठीचार्ज करने का कोई अधिकार नहीं है। मैं छात्रों के साथ खड़ा रहूंगा। दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। हम छात्रों पर बल प्रयोग के खिलाफ हैं। पीके ने आगे कहा कि सरकार को छात्र प्रतिनिधियों से मिलकर दोबारा परीक्षा कराने की उनकी मांग पर विचार करना चाहिए। कल एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार को अविलंब मृतक के परिवार के लिए 10,00,000 रुपये के मुआवजे की घोषणा करनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सरकार को उनका "अल्टीमेटम" था, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ।

CMYK

# इंदौर बनेगा दुनिया का पहला ऊर्जा साक्षर शहर

## ››› इंदौर क्लाइमेट मिशन: ऊर्जा संरक्षण की दिशा में इंदौर का बड़ा कदम

**नई दिल्ली** । 28 दिसंबर 2024 । इंदौर नगर निगम ने एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के सहयोग से 100 दिवसीय 'इंदौर क्लाइमेट मिशन' की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य इंदौर को भारत का पहला ऊर्जा-साक्षर शहर बनाना है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य शहर भर में बिजली की खपत को कम करना, कार्बन उत्सर्जन को कम करना और अन्य शहरों को भी इस दिशा में प्रेरित करना है। इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा, - "इंदौर ने लगातार पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि इंदौर शहर का अपना क्लाइमेट एक्शन प्लान तैयार है। सात बार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीतने के बाद, इंदौर क्लाइमेट मिशन की पहल इंदौरवासियों और नगर निगम के अथक समर्पण को दर्शाती है। एक अनुमान के आधार पर हमारे शहरों में निवासी एक परिवार से प्रतिदिन करीब 450 ग्राम कचरा पैदा होता है, जो दिखाई देता है, जबकि ना दिखने वाला यानि कार्बन से जुडा कचरा करीब 27 किलो प्रतिदिन पैदा होता है। इसी सब को ध्यान में रखते हुए हमने एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के साथ मिलकर एक नवाचार करने का निर्णय लिया है, ताकि इंदौर धरती की गर्मी को कम करने में भी अपना योगदान दे सके। यह क्लाइमेट मिशन एक विरासत का निर्माण करने जा रहा है, जो पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति इंदौर की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के संस्थापक प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी ने मिशन के मुख्य उद्देश्यों के बारे में कहा- " इंदौर अब न दिखने वाले कचरे पर, जो कि दिखने वाले कचरे की तुलना में कई गुना ज्यादा है, उस पर ध्यान देने वाला है। 1 दिसंबर, 2024 से 10 मार्च, 2025 तक, हमने सामूहिक रूप से इंदौर शहर की बिजली की बिजली की खपत को कम करने का लक्ष्य रखा है। 3-5 लाख इंदौरवासियों को ऊर्जा खपत और कार्बन उत्सर्जन के बीच महत्वपूर्ण संबंध के बारे में शिक्षित करने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं, जिससे शहर भर में ऊर्जा साक्षरता को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, हम सक्रिय रूप से निवासियों को ऊर्जा-बचत की आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, बिजली की खपत में 7-10% की कमी का स्वैच्छिक लक्ष्य निर्धारित करेंगे। इस सामूहिक प्रयास के माध्यम से, हम अगले एक वर्ष के भीतर करीब 20 करोड़ यूनिट बिजली की बचत कर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल करना चाहते है। नागरिकों को प्रभावी ढंग से जोड़ने के लिए, एनर्जी स्वराज फाउंडेशन एक बहुआयामी दृष्टिकोण लागू कर रहा है। साइकिल चलाने के पर्यावरणीय लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्थायी परिवहन को बढ़ावा देने के लिए दैनिक साइकिल रैलियां आयोजित की जा रही हैं। प्रोफेसर सोलंकी व्यक्तिगत रूप से स्कूलों, कॉलेजों और कॉर्पोरेट कार्यालयों में ऊर्जा संरक्षण कार्यशालाओं का संचालन कर रहे हैं, जबकि शाम को "क्लाइमेट चौपाल" निवासियों को जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संरक्षण और स्थायी जीवन शैली के बारे में जानने के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है। प्रोफेसर सोलंकी ने आगे कहा - "ऊर्जा मानव अस्तित्व के सभी पहलुओं को चलाने वाली मूलभूत शक्ति है। अफसोस की बात है कि कार्बन-आधारित ऊर्जा स्त्रोतों पर हमारी निर्भरता के परिणामस्वरूप गंभीर और दूरगामी परिणाम सामने आए हैं, जिनमें ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन शामिल हैं, जो अब पूरे ग्रह के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बन गए हैं। इसलिए हमें ऊर्जा स्वराज को अपनाकर, स्वच्छ ऊर्जा की और बढ़ना है। इंदौर क्लाइमेट मिशन में छात्रों को जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभावों के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए एक मजबूत शैक्षिक घटक भी शामिल होगा। छात्रों को शामिल करने के लिए, क्विज, प्रतियोगिताओं और जागरूकता अभियानों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिससे उन्हें जलवायु चैंपियन बनने के लिए सशक्त बनाया जाएगा। इसके अलावा, मिशन सड़क नाटकों, कला प्रतियोगिताओं और सोशल मीडिया अभियानों जैसे विभिन्न पहलों के माध्यम से समुदाय को सक्रिय रूप से शामिल करेगा, जिससे सार्वजनिक भागीदारी और सामूहिक कार्रवाई को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल स्थानीय व्यवसायों को ऊर्जा की खपत को कम करने, प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित करेगी।




## चार साहिबजदो का बलिदान दिवस और शहीद उधम सिंह जी के 125 में जन्म दिवस पर किया नमन: खोसला



**नई दिल्ली** । गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजदो अजीत सिंह, जुझारू सिंह ,जोरावर सिंह ,और फतेज सिंह की शहादत पर नमन और जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेने वाले शाहिद उधम सिंह के जन्म दिवस पर भीम ब्रिगेड ट्रस्ट और दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के सचिव द्वारा आयोग के सभागार में नमन करने की अनुमति दी जिसमें उपस्थित मोहम्मद इसहाक खान दूरदर्शन कर्मी, कवि, साहित्यकार, वशज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सोनभद्र उड्ड प्रड्ड जीने बड़े खूबसूरत अंदाज से महाभारत का वाक्य किया और बाल दिवस और उधम सिंह जी के जन्म दिवस पर चार लाइन भी पड़ी पास्टर श्री संजय कामावल जी ने भी आश्वासन दिया कि हम हर गरम दल क्रांतिकारी वीर की कार्यक्रम में उपस्थित होंगे और जन जागरण द्वारा इनका पैगाम जनता तक पहुंचाएंगे! मशहूर शायर आरिफ देहलवी जीने भी ए मेरे प्यारे वतन कविता पढ़कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए !सरदार मक्खन सिंह जी ने बताया कि किस प्रकार सुबा ए सरहिंद जालिम वजीर खान ने माता गुजरी और छोटे साहब जड़ों को ठंडा बुर्ज में कैद किया मलेरकोटला के नवाब शेर मोहम्मद खान ने छोटे साहिबजादों के पक्ष में आवाज उठाई ठंडे बुर्ज में छोटे साहबजादो को दूध पिलाने की सेवा भाई मोतीराम बोरा जी ने की जीने कोलहु से प्रताड़ित किया गया ! अंतर्राष्ट्रीय मॉडल हितेश शर्मा जी ने उधम सिंह जी पर सोलो एक्ट किया और बचपन से लेकर जनरल डायर को मारने के बाद खुद मरने तक का वाक्य सभी समक्ष पेश किया !

## महान अर्थशास्त्री एवं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह पंचतत्व में विलीन।



**नवेश कुमार/वरिष्ठ पत्रकार**
**नई दिल्ली, 28 दिसंबर 2024 (एजेंसी)**। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का आज यहां निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। मुखाग्नि उसकी पुत्री ने दी। डॉ.सिंह का गत गुरुवार रात एम्स में निधन हो गया था। वह 92 वर्ष के थे। अंतिम संस्कार के मौके पर दिल्ली के निगम बोध घाट पर , राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू,पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, श्रीमती सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, श्रीमती प्रियंका वाड्रा एवं भूटान के राजा समेत कई बड़े नेता मौजूद थे। डॉ.सिंह के परिवार की ओर से पत्नी श्रीमती गुरशरण कौर एवं पुत्रियाँ उपिंदर सिंह, दमन सिंह और अमृत सिंह निगमबोध घाट पर मौजूद थीं। परिवार ने प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात की। एल.एस.

## डॉ. मनमोहन सिंह के राजकीय अंतिम संस्कार में असम्मान और कुप्रबंधन का चौंकाने वाला प्रदर्शन




**दिल्ली**। डीडी (दूरदर्शन) को छोड़कर किसी भी समाचार एजेंसी को अनुमति नहीं दी गई; डीडी ने मोदी और शाह पर ध्यान केंद्रित किया, डॉ. सिंह के परिवार को बमुश्किल ही कवर किया। डॉ. सिंह के परिवार के लिए केवल तीन कुर्सियां सामने की पंक्ति में रखी गईं। कांग्रेस नेताओं को उनकी बेटियों और अन्य परिवार के सदस्यों के लिए सीटों की व्यवस्था के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी। राष्ट्रीय ध्वज को उनकी विधवा को सौंपे जाने या गार्ड ऑफ ऑनर के दौरान प्रधानमंत्री और मंत्रियों ने खड़े होने की जहमत नहीं उठाई। अंतिम संस्कार की चिता के आसपास परिवार को पर्याप्त स्थान नहीं दिया गया क्योंकि एक ओर सैनिकों ने जगह घेर रखी थी। जनता को अंदर आने से रोका गया और वह बाहर से ही कार्यक्रम को देखने पर मजबूर रही। अमित शाह के काफिले ने शव यात्रा को बाधित कर दिया, जिससे परिवार की गाड़ियां बाहर रह गईं। गेट बंद कर दिया गया और परिवार के सदस्यों को ढूंढकर वापस अंदर लाना पड़ा। अंतिम संस्कार की रस्में निभाने वाले पोतों को चिता तक पहुंचने के लिए जगह के लिए संघर्ष करना पड़ा। विदेशी राजनयिकों को कहीं और बैठाया गया और वे नजर नहीं आए। हैरानी की बात यह रही कि जब भूटान के राजा खड़े हुए, तो प्रधानमंत्री खड़े नहीं हुए। पूरे अंतिम संस्कार स्थल को इतनी खराब तरीके से व्यवस्थित किया गया था कि शव यात्रा में भाग लेने वाले कई लोगों के लिए कोई जगह नहीं बची। इस महान राजनेता के साथ किए गए इस अपमानजनक व्यवहार से सरकार की प्राथमिकताओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उसकी असंवेदनशीलता उजागर होती है। डॉ. सिंह गरिमा के पात्र थे, न कि इस शर्मनाक दृश्य के।

# दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश

## ठंड के साथ कई सड़कों पर जलभराव के कारण यातायात बाधित



बारिश से दिल्ली का मौसम हुआ सुहावना। (सईद अहमद)

नई दिल्ली दिसम्बर : दिल्ली-एनसीआर में पिछले 24 घंटों में हुई भारी बारिश ने ठंड का असर और बढ़ा दिया है। शुक्रवार सुबह से जारी रुक-रुक कर बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस मौसम का सबसे कम है। एनसीआर के नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और गाजियाबाद में भी बारिश ने ठिठुरन बढ़ा दी है। बारिश के चलते सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। कई इलाकों में जलभराव की समस्या सामने आई, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतें हुईं। कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों और स्कूल जाने वाले बच्चों को बारिश के कारण अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने जलभराव वाले क्षेत्रों में यातायात की सुगमता के लिए एडवाइजरी जारी की है। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण क्षेत्र में बारिश हो रही है। अगले 48 घंटों तक बारिश और कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसके अलावा, ठंडी उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण तापमान में और गिरावट हो सकती है। बारिश के साथ ठंड बढ़ने से घरों और दफ्तरों में हीटर और गीजर की खपत बढ़ गई है। विशेषज्ञों ने लोगों को सावधानी बरतने और गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है। खुले में काम करने वाले मजदूरों और फुटपाथ पर रहने वाले लोगों के लिए यह ठंड और बारिश एक बड़ी चुनौती बन गई है। सरकार और गैर-सरकारी संगठनों ने प्रभावित लोगों के लिए अलाव और अस्थायी शेल्टर की व्यवस्था शुरू कर दी है। दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को आने वाले दिनों में ठंड और बारिश के लिए तैयार रहने की सलाह दी गई है।

## कैबिनेट द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि, 7 दिनों का राष्ट्रीय शोक घोषित

नई दिल्ली दिसम्बर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कैबिनेट ने दो मिनट का मौन रखकर डॉ. सिंह को सम्मानित किया। उनके निधन पर 1 जनवरी 2025 तक सात दिनों का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है, जिसके दौरान देशभर में और विदेश स्थित भारतीय मिशनों में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा, और इस दिन केंद्र सरकार के कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहेगा। 26 सितंबर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब के गाह गांव में जन्मे डॉ. सिंह का शैक्षणिक और राजनीतिक जीवन बेहद प्रेरणादायक रहा। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त की। डॉ. सिंह ने पंजाब विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय और भारतीय रिजर्व बैंक जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दीं। उन्हें 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मंत्री के रूप में आर्थिक सुधारों के लिए याद किया जाता है। 2004 से 2014 तक दो कार्यकालों तक भारत के प्रधानमंत्री रहे डॉ. सिंह ने अपने नेतृत्व से राष्ट्रीय जीवन पर अमिट छाप छोड़ी। उनके निधन से देश ने एक प्रख्यात अर्थशास्त्री और सम्मानित नेता खो दिया है।



पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर राष्ट्र ध्वज झुका हुआ। (सईद अहमद)

## भाजपा का संघर्ष रंग लाया, केजरीवाल सरकार एवं प्राइवेट कम्पनियों की सांठगांठ से पी.पी.ए.सी. के नाम पर हो रही लूट का भांडाफोड़ : वीरेन्द्र सचदेवा

नई दिल्ली दिसम्बर : दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में डी.इ.आर.सी. के एक आदेश की प्रति जारी करते हुए घोषणा की कि दिल्ली भाजपा का अप्रैल 2024 से चला आ रहा संघर्ष रंग लाया है और दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार एवं प्राइवेट बिजली कम्पनियों की सांठगांठ से बिजली बिलों में लगने वाले मनमाने तरीके से लगते आ रहे पी. पी.ए.सी. में 50% से अधिक की कटौती की घोषणा दिल्ली के ऊर्जा सचिव ने करी है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्ली भाजपा के प्रयासों से बिजली बिलों में लगने वाले भारी भरकम पी.पी.ए.सी. में 50% की कटौती और अब उपभोक्ताओं को मिलेगी भारी छूट। पत्रकार सम्मेलन का संचालन दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता एवं उधोगपति डा. अनिल गुप्ता ने भाजपा के मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल की उपस्थिती में किया और इसे दिल्ली के आम नागरिकों, व्यापारियों एवं उधोगपतियों के लिए बड़ी राहत बताया।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि हमने मई 2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व ही दिल्ली वालों पर डल रहे पी.पी.ए सी. के अनैतिक आर्थिक बोझ का मुद्दा उठाया था और चुनाव के बाद से संगठन एवं नवनिर्वाचित सांसद इस मुद्दे पर सक्रियता से काम कर रहे थे। हमने जुलाई 2024 में इस मुद्दे का सार्वजनिक रूप से उठाया और इसको लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को ज्ञापन भी दिया।

हमने प्रदेश स्तर पर एवं सभी 14 संगठनात्मक जिलों के स्तर पर प्रदर्शन आयोजित किया और अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में मीडिया के माध्यम से मुद्दे को पुनः उठाया। दिसम्बर के प्रारम्भ में लघु भारती का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा नेताओं से मिला और उसके बाद हमने फिर उपराज्यपाल महोदय के समक्ष निजी बिजली कम्पनी बी.इ.एस.एस. यमुना पावर लिमिटेड आदि द्वारा पी.पी.ए.सी. और बढ़ाने की मांग का विरोध किया।

## रोहतक में घर में घुसकर कबड्डी खिलाड़ी पर किया हमला

**रोहतक, दिसंबर** : गांव मकडौली में घर में घुसकर कबड्डी खिलाड़ी पर गांव के ही युवकों द्वारा लाठी डंडों से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार गांव मकडौली कला निवासी मोहित ने बताया कि वह छोटी कब्ड्डी का खिलाडी है और जब सुबह अपने घर के आंगन में बैठा था तभी आशीष, दीपक, सोमबीर, नवीन, विक्रम, नीरज अपने साथियों के साथ उसके घर में घुस आया और लाठी डंडों से उस पर हमला कर दिया। झगडे का शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिजनों ने गंभीर हालत में मोहित को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया। पीडित ने बताया कि एक आरोपी ने उसके सिर पर पिस्तौल के बट्ट से भी हमला किया, जबकि बाकी आरोपियों ने उस पर लाठीडंडो से हमला किया है। पुलिस ने इस संबंध में मोहित की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

यमुनानगर दिसंबर : गांव सादिकपुर के ढाबे के पास एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार इब्राहिमपुर वासी कुरसैद खान गंभीर रुप से घायल हो गया। बाइक चालक इस्लमनगर वासी तासीम की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके कार की तलाश शुरू की है। पुलिस को दी शिकायत में तासीम ने बताया कि 16 दिसंबर को वह कुरसैद के साथ बाइक पर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आई एक स्वीफट कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में कुरसैद उछलकर सडक पर गिरा। जिससे उसके सिर पर व शरीर के अन्य हिस्सो पर गहरी चोटे आई। जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से कुरसैद को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे रैफर कर दिया गया। अब उसका उपचार अंबाला के आदर्श अस्पताल में जारी है।

# यमुनानगर में दो युवकों की हत्या की साजिश में 2 आरोपी गिरफ्तार

यमुनानगर दिसंबर : पुलिस अधीक्षक यमुनानगर राजीव देशवाल ने खेड़ी लख्खा सिंह में हुई फाईरिंग की घटना, जिसमें अज्ञात बदमाशों ने दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी थी व एक व्यक्ति घायल हुआ था। मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए जिला पुलिस की 4 टीमों का गठन किया था। जिसमें अपराध शाखा-2 प्रभारी राज कुमार व स्पैशल सैल के इंचार्ज राजेश राणा व संदीप कुमार प्रबन्धक थाना रादौर की टीम ने सयुंक्त प्रयत्न करते वारदात में शामिल आरोपी ताजेवाला निवासी अरबाज व छछरौली निवासी सचिन हाण्डा को गिरफतार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमाण्ड पर लिया। मामले में मृतक पंकज मलिक के शव का आज पोस्टमार्टम करवाया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अधीक्षक राजीव देशवाल ने बताया कि दो आरोपियों को दबोच लिया। ताजेवाला निवासी अरबाज व छछरौली निवासी सचिन हाण्डा को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी योजना में शामिल थे।

## दिल्ली की अदालत ने हत्या के प्रयास के मामले के तीन आरोपियों को बरी किया



**दिल्ली**। की एक अदालत ने 2018 के हत्या के प्रयास और आपराधिक धमकी के एक मामले में तीन आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ आरोप साबित करने में बुरी तरह विफल रहा। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल पाहुजा ने इस मामले की सुनवाई की। इस मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत मालवीय नगर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी ने 14 मई, 2018 को पीड़ित के घर के सामने हवा में गोलियां चलाईं और उसे धमकाया। अदालत ने 16 दिसंबर को जारी आदेश में कहा कि पीड़ित और शिकायतकर्ता (पीड़ित के रिश्तेदार) अभियोजन पक्ष के मामले के मुख्य गवाह थे लेकिन वे अपने बयान से मुकर गए और उन्होंने आरोपियों को पहचानने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा, जिरह के दौरान भी अभियोजन पक्ष के गवाह आरोपियों को इस मामले के अपराधियों के रूप में पहचानने में विफल रहे।... उसने कहा कि शस्त्र अधिनियम के तहत आरोपों को स्थापित करने के लिए कोई सबूत नहीं है। न्यायाधीश ने कहा, इस अदालत का मानना ??है कि अभियोजन पक्ष कोई ठोस सबूत न होने के कारण अपना मामला साबित करने में बुरी तरह विफल रहा है इसलिए आरोपियों मनोज हथौड़ी, निखिल और राकेश उर्फ राका को उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी किया जाता है।

# ग्रामीण डिजिटल साक्षरता: 6.39 करोड़ ग्रामीणों को डिजिटल शिक्षा, एआई में कौशल और नैतिकता पर जोर

### महिला और वंचित वर्गों के लिए आईटी प्रोग्राम्स: 5.56 लाख महिलाओं को लाभ

### भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा: 91,526 करोड़ निवेश मंजूर

नई दिल्ली दिसम्बर : भारत में सैमीकंडक्टर और इलैक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सैमीकॉन इंडिया प्रोग्राम के तहत कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। टाटा इलैक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (टीईपीएल) ने फरवरी 2024 में भारत में 91,526 करोड़ के निवेश से सैमीकंडक्टर फैब सुविधा स्थापित करने की मंजूरी प्राप्त की। यह परियोजना ताइवान की पीएसएमसी कंपनी के साथ प्रौद्योगिकी साझेदारी में स्थापित होगी, जिसमें प्रति माह 50 हजार वेफर स्टार्ट की उत्पादन क्षमता होगी। इसके अलावा टीईपीएल को 27,120 करोड़ के निवेश से ओसैट सुविधा स्थापित करने की भी स्वीकृति मिली, जो प्रतिदिन 48 मिलियन इकाइयों का उत्पादन करेगी। सितंबर 2024 में कैन्स टैक्नोलॉजी इंडिया लिमिटेड को गुजरात के साणंद में 3,307 करोड़ के निवेश से ओसैय सुविधा स्थापित करने की मंजूरी मिली। यह परियोजना आईएसओ टैक्नोलॉजी और एप्टोस टैक्नोलॉजी इंक की तकनीक से संचालित होगी, जिसकी क्षमता प्रतिदिन 6.33 मिलियन चिप्स उत्पादन की है। इसी तरह, सीजी पावर और इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड को 7,584 करोड़ के निवेश से ओसैट सुविधा स्थापित करने की अनुमति दी गई, जो रेनसास इलेक्ट्रॉनिक्स अमेरिका और स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक, थाईलैंड के सहयोग से संचालित होगी। भारत के एआई (आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस) विकास को गति देने के लिए सरकार ने एयरवाट परियोजना शुरू की है, जो 200 पेटाफ्लॉप्स मिश्रित प्रिसिजन एआई मशीन के साथ एक प्रमुख कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म प्रदान करेगी। इस प्लेटफॉर्म को 790 पेटाफ्लॉप्स तक स्केलेबल बनाया जाएगा। एयरवाट ने 2023 में जर्मनी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग सम्मेलन में शीर्ष 500 वैश्विक सुपरकंप्यूटर सूची में 75वां स्थान प्राप्त किया। इलैक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए ईएमसी 2.0 योजना के तहत हैदराबाद, तेलंगाना और तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर और कर्नाटक के मैसूर में विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें से एक, तेलंगाना के दिविटिपल्ली में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक्स पार्क ने ?10,574 करोड़ के निवेश को आकर्षित किया है और इसके पूरी तरह चालू होने पर ?22 हजार 5 सौ करोड़ का उत्पादन मूल्य होगा। साथ ही डिजीटल इंडिया के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजीटल साक्षरता अभियान ने 6.39 करोड़ लोगों को डिजीटल कौशल प्रदान कर योजना के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया। इसके अतिरिक्त, इलैक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में कौशल विकास के लिए दो योजनाएं शुरू की गई, जिनमें 4.18 लाख लोगों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य था, लेकिन इन योजनाओं के तहत 4.93 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया।

## केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ी, महिला सम्मान योजना की होगी जांच

**दिल्ली**। विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका देते हुए एलजी वीके सक्सेना ने शनिवार को महिला सम्मान योजना के नाम पर पंजीकरण कराने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया। पुलिस कमिश्नर को यह आदेश कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित की शिकायत पर दिया गया। कैंप लगाकर रजिस्ट्रेशन कराने वालों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। दिल्ली के प्रधान सचिव एलजी ने दिल्ली की प्रत्येक महिला (18 वर्ष से अधिक) को आम आदमी पार्टी द्वारा की गई घोषणा के संबंध में मुख्य सचिव, दिल्ली और पुलिस आयुक्त, दिल्ली को पत्र लिखा है। 1000 प्रति माह, और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में वापस निर्वाचित होने पर राशि को बढ़ाकर 2100 रुपये प्रति माह कर दिया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एलजी की इच्छा है कि मुख्य सचिव गैर-सरकारी लोगों द्वारा व्यक्तिगत विवरण और फॉर्म एकत्र करने के मामले में मंडलायुक्त के माध्यम से जांच कराएं। इसके अलावा, पुलिस आयुक्त फील्ड अधिकारियों को उस व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दे सकते हैं जो लाभ देने की आड़ में भोले-भाले नागरिकों की निजी जानकारी एकत्र करके उनकी गोपनीयता का उल्लंघन कर रहे हैं। दिल्ली सरकार के एक विभाग ने बुधवार को कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए एकत्र किया जा रहा डेटा धोखाधड़ी का मामला है, उन्होंने कहा कि वे महिलाओं से फोन नंबर और पते एकत्र कर रहे हैं। दीक्षित ने कहा कि हम कह रहे हैं कि अगर यह धोखाधड़ी का मामला है, तो इसकी जांच की जानी चाहिए और उन दो लोगों- आतिशी और केजरीवाल- के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना चाहिए जिन्होंने यह धोखाधड़ी की है।

## समाचार

### थाना समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सुनी फरियाद



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को शासन की मनसा अनुसार लगाए जा रहे थाना समाधान दिवस के क्रम में हसनपुर कोतवाली में भी थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी ने फरियादियों की फरियाद सुनी तथा मौके पर पहुंचे शिकायतकर्ताओ की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस क्षेत्र अधिकारी ने एक फरियादी की फरियाद का मौके पर ही समाधान करा दिया, अन्य शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित हल्का लेखपाल एवं संबंधित दरोगाओं को जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्वक समाधान करने का निर्देश दिया, इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह तथा अपराध निरीक्षक वेंलेंद्र यादव, कानून गो नन्हे सिंह आर्य, मांगेराम शर्मा, सचिन आदि सहित संबंधित हल्का लेखपाल एवं दरोगा मौजूद रहे।

### बारिश से किसानों को लग सकता है बड़ा झटका, सरसों की फसल को हो सकता है नुकसान।



**लोकतंत्र की शान**
**संवाददाता मंजीत शर्मा पीलीभीत**

**पीलीभीत पूरनपुर।** बिनामौसम की बरसात से किसानों को लग सकता है बड़ा झटका, दो दिनों में मौसम में बदलाव एवं बारिश ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं.पीलीभीत जनपद के तहसील पूरनपुर क्षेत्र के अधिकांश ग्राम पंचायत में बारिश हो रही है, शुक्रवार रात में भी हल्की बारिश हुई और शनिवार को दिन में 2:00 बजे से बारिश प्रारंभ हल्की और तेज बारिश का सिलसिला जारी, बारिश होने से सरसों की फसल को हो रही हानि, इस समय सरसों की फसल में फूल का समय है और फलियां निकलने और दाना बनने का सिलसिला चल रहा है, और तेज बारिश से जो फूल है वह झड़ सकता है,जिससे फली निकलने की संभावना बहुत कम हो जाती है, हल्की हवाओं के साथ बारिश का सिलसिला जारी, बारिश से सरसों की फसल को हो सकता है बड़ा नुकसान, किसानों की बढ़ रही चिंताएं, किसानों की मेहनत पर फिर सकता है पानी।

### मासिक शिवरात्रि पर हुआ भजन कीर्तन भोले के भजनों पर झूमे भक्त



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार की देर रात नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर प्रांगण में मासिक शिवरात्रि पर भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया, प्रत्येक मासिक त्रयोदशी को शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव एवं उनके परिवार द्वारा भोले बाबा की विशेष पूजा अर्चना के साथ भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, इसी क्रम में इस शनिवार को त्रयोदशी के शुभ अवसर पर भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया, भजन संध्या में स्थानीय भजन गायक राहुल दीवाना, सौरभ मित्तल, योगिता सक्सेना आदि भजन गायको ने एक से बढ़कर एक भोले बाबा के भजन गए, बताते चले की सर्वप्रथम भोले बाबा का श्रृंगार किया गया उसके बाद 56 भोग का प्रसाद भोले बाबा को अर्पित किया गया, तथा भजन संध्या का कार्यक्रम देर रात तक चला कार्यक्रम के समापन पर भोले बाबा की आरती की गई एवं प्रसाद का भी वितरण किया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से वेद प्रकाश यादव, रवि यादव, विकास यादव, कविता यादव, राजेंद्र यादव, पंडित सतवीर गिरी, पप्पू गिरी, महेश शर्मा, देवेंद्र शास्त्री, संजीव शर्मा, दामोदर शर्मा, उमेश शर्मा आदि सहित दर्जनों शिव भक्त मौजूद रहे।

### सीएम योगी के महत्वाकांक्षी ललितपुर फार्मा पार्क के निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

**लखनऊ, 28 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। इस क्रम में बुंदेलखंड क्षेत्र के ललितपुर जिले में बल्क ड्रग फार्मा पार्क विकसित करने की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। यह पार्क देश की फार्मा जरूरतों को पूरा करने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वप्र्पूर्ण पहल है। फार्मा पार्क के लिए सैदपुर ग्राम पंचायत में पशुपालन विभाग के स्वामित्व वाली 2000 एकड़ भूमि में से करीब 1500 एकड़ भूमि को राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को निःशुल्क हस्तानान्तरित किया है। भूमि का हस्तांतरण होने के बाद अब तेजी के साथ परियोजना अगले चरण में प्रवेश करेगी। इस भूमि पर दवा कंपनियां फैक्ट्रियां स्थापित करके यहां दवाइयों का निर्माण करेंगी। इस भूमि पर फार्मा पार्क विकसित करने के लिए वर्ल्ड क्लास कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटीज (सीआईएफ) तैयार की जाएंगी। यह परियोजना न केवल ललितपुर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

## नंदी को बेहोश करने के आरोपियों पर कार्यवाही न होने से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल में भारी रोष



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** ज्ञात रहे की बीते बुधवार की देर रात नगर के हैबतपुर बंजारा रोड पर आम के बाग में दो गोवंशीय पशु नंदी बेहोशी की हालत में पड़े होने की सूचना विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओं को मिल गई थी तथा मौके पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओं ने पहुंचकर एक बेहोश गो वंश पशु नंदी को ढूंढ निकाला था और जिसकी सूचना पुलिस को भी दे दी गई थी लेकिन अभी तक गोवंश पशु नंदियों को बेहोश करने वाले आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल हसनपुर के कार्यकताओं द्वारा रोष प्रकट किया गया है। इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद हसनपुर के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने बताया बुधवार की देर शाम को सूचना प्राप्त हुई थी,हैबतपुर मार्ग कब्रिस्तान के निकट आम के बाग में दो गोवंशीय पशु नंदी को इंजेक्शन लगाकर बेहोश कर दिया गया है और उनकी हत्या की तैयारी की जा रही है। मौके पर अपने जीवन की सुरक्षा के बगैर बैलों की रक्षा के लिए विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल कार्यकताओं ने मौके पर पहुंचकर एक नंदी को घायल एवं बेहोशी की अवस्था में आम के बाग में ढूंढ निकाल लिया था,एवं हसनपुर पुलिस को सूचना देकर पूरे प्रकरण से अवगत कराया गया था। घायल एवं बेहोशी की हालत में मिले नंदी को नगर पालिका हसनपुर के माध्यम से गौशाला पहुंचवाया गया था,उसके बाद अभी तक भी इस प्रकरण में पुलिस प्रशासन हसनपुर द्वारा कोई कार्रवाई ना करना चिंता का विषय है,जबकि पिछले दो माह से हसनपुर नगर में लगातार गौवंशीय पशुओं की हत्या की जा रही है,दो-तीन घटनाओं में पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई भी की गई उसके बाद भी गौ तस्करों के हौसले बुलंद है। वही मोहित अग्रवाल ने बताया कि पूरे प्रकरण से संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी को अवगत करा दिया गया है,जल्द ही इस प्रकरण के दोषियों पर सख्त कार्रवाई न होने पर विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल आंदोलन करने पर विवश होगा। जबकि प्रदेश के भाजपा सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी खुद एक गौ रक्षक हैं, उनका का सख्त आदेश है कि किसी भी अवस्था में कोई भी गौ तस्कर खुलेआम ना घूम पाये उनकी जगह जेल में है। फिर भी प्रशासन द्वारा आरोपियों तक ना पहुंच पाना चिंता का विषय है।

## चलो गांव की ओर अभियान के अंतर्गत 129 विधनसभा पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत में मीटिंग आयोजन।



**लोकतंत्र की शान**
**संवाददाता मंजीत शर्मा**

**पीलीभीत पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार आज दिनांक 28-12-2024 को 129 विधानसभा पूरनपुर क्षेत्र में "चलो गांव की ओर अभियान" के अंतर्गत सेक्टर 29 एवं सेक्टर 31 के ग्राम नवदीया मुजफ्ता,पिपरा मुजफ्ता सेक्टर में संविधान बचाने, बाबा साहब के संघर्ष और विचार के प्रचार प्रसार करने तथा, साथ ही जनता के विभिन्न मुद्दों पर पी. डी. ए. चर्चा आयोजित की गई..! पीडीए चर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के 129 विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व सपा जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव थे...! पीडीए चर्चा कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा महिला सभा प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर कमलेश परिहार, ओमशर्मा ,समाजवादी युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू,पूर्व प्रदेश सचिव सछास नोमान अली, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय भारती, अफजल अंसारी,सपा महिला सभा 129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष मीता सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में आए और "गांव की ओर चलो अभियान" के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से वार्ता की। सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, रजनीश कुमार, सतीश वर्मा, इमरान खान, निशान अहमद, सारिका यादव, दयावती शर्मा, लीलावती चौहान, मधु सक्सेना, कमला देवी, धर्मेंद्र शर्मा, आनंद पासवान, पुत्तूलाल शर्मा,महेंद्र सक्सेना, छोटू शुक्ला, पप्पू शर्मा, बसंत भारती, डॉ. राधेश्याम कश्यप,ऋषि शर्मा, धनकादेवी चौहान, विजय पासवान, रामनिवास शर्मा, राधेश्याम शर्मा, रामसेवक शर्मा, महेश चौहान, हरीशचंद्र राठौर, डालचंद्र भार्गव, अनूप गौतम BDC, सरोजनी देवी, राहुल शर्मा, सूरज शर्मा, संजय शर्मा, रामपाल यादव, जगदीश यादव, जगदीश सूर्यवंशी, अफजल भाई, बलराम शर्मा, कुलदीप शर्मा, बलबीर चौहान, जयसिंह यादव, छैलबिहारी शर्मा, राजाराम वर्मा, अखिलेश यादव, रजनीश शर्मा, डा. रविशांत, डॉ अवनीश शर्मा,डा.कृष्ण वर्मा आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी कार्यालय एवं सैकड़ों महिला शक्ति शामिल थे।

## स्वास्थ्य के साथ साथ जीवन को अनुशासित बनाता है योग। - परमार्थी

### दो दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का समापन



**लोकतंत्र की शान**
**संवाददाता-मंजीत शर्मा पीलीभीत**

**पीलीभीत बीसलपुर।** बीसलपुर नगर के एस आर एम इंटर कालेज में एनसीसी कैडेट्स तथा अन्य छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए दो दिवसीय विशेष विद्यार्थी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें, योग वैलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक योगाचार्य अखंड प्रताप शर्मा उर्फ रानू परमार्थी तथा योग सहायक रश्मि सिंह ने छात्र छात्राओं को योग का अभ्यास कराया। प्रशिक्षण के दौरान योगाचार्य ने विद्यार्थियों को यौगिक जॉगिंग व्यायाम सूर्य नमस्कार तथा विद्यार्थियों एवं युवाओं हेतु भारतीय व्यायाम बारह प्रकार के दंड तथा आठ प्रकार की बैठकों का प्रशिक्षण दिया । साथ ही विभिन्न प्रकार के प्राणायाम तथा आसनों का भी अभ्यास करवाया। योग का महत्व समझाते हुए योगाचार्य ने कहा कि जीवन को संयम तथा अनुशासन के साथ जीने का नाम ही योग है जिसके अंतर्गत हमारा आहार विहार दिनचर्या आदि सम्मिलित है आजकल बच्चों तथा वयस्कों में बढ़ रही बीमारियों का कारण फास्ट फूड जंक फूड कोल्ड ड्रिंक आदि का सेवन करना बताया उन्होंने कहा यदि हम अपनी स्वादेंद्रियों पर थोड़ा संयम बरत लें तो हम भविष्य में होने वाली बीमारियों से बच सकते हैं साथी अपने शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए प्रतिदिन आधे से 1 घंटा योग व्यायाम तथा अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास बहुत जरूरी है इससे हम अपने संपूर्ण शरीर को स्वस्थ, सुंदर, सुडौल व ऊजार्वान बना सकते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह, एनसीसी ऑफिसर उदय राज ने योगाचार्य का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक एसपी सिंह , संजीव कुमार गंगवार , राम अवतार, गजेंद्र पाल सिंह, राजेश चंद्र आदि समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## कार और टैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने से टक्कर,कार चालक की मौके पर मौत।





**लोकतंत्र की शान**
**संवाददाता-मंजीत शर्मा पीलीभीत**

**पीलीभीत बीसलपुर।** बीसलपुर पीलीभीत हाईवे पर गांव पकड़िया मंगली के निकट कार और ट्रैक्टर ट्राली में आमने-सामने टक्कर जनपद बरेली के बेहरी थाना क्षेत्र के गांव डांडिया नगला निवासी भूपेंद्र सिंह की मौत, जानकारी के मुताबिक डांडिया नंगला निवासी भूपेंद्र सिंह किसी काम से बीसलपुर जा रहे थे तभी रास्ते में गन्ने से भरे टैक्टर-ट्रॉली में आमने-सामने से टक्कर हुई टक्कर इतनी भायन हुई जो कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर तत्काल थाना बीसलपुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। यातायात सुचारू रूप से चालू कर दिया गया है।

## दिल्ली पहुंचकर सीएम योगी ने विशिष्ट अतिथियों को महाकुम्भ के लिए किया आमंत्रित







**नई दिल्ली, 28 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह से मुलाकात की और प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ 2025 के लिए उन्हें आमंत्रित किया। सीएम योगी ने समस्त महानुभावों को निमंत्रण पत्र के साथ ही महाकुम्भ 2025 के लोगो वाला प्रतीक चिन्ह, कलश, महाकुम्भ से जुड़ा साहित्य और नव वर्ष का टेबल कैलेंडर व डायरी भेंट की। इन सभी विशिष्टजनों को 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ के लिए आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी स्वयं शनिवार को दिल्ली में थे। उन्होंने सबसे पहले मिजोरम के राज्यपाल जनरल (रिटायर्ड) वीके सिंह से यूपी सदन में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें आमंत्रित किया। इसके बाद उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी उनके सरकारी आवास पर भेंट कर उन्हें महाकुम्भ 2025 में आने का निमंत्रण दिया। इसके बाद सीएम योगी गृहमंत्री अमित शाह और फिर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने उनके सरकारी आवास पर पहुंचे। शिष्टाचार भेंट के साथ ही सीएम योगी ने सभी विशिष्टजनों को महाकुम्भ से संबंधित उपहार भी भेंट किए। इनमें महाकुम्भ के लोगो वाला प्रतीक चिन्ह, महाकुम्भ की पहचान का प्रतीक कलश, महाकुम्भ संबंधी साहित्य समेत नव वर्ष का टेबल कैलेंडर और डायरी भेंट की। सीएम योगी ने अपने एक्स हैंडल पर सभी विशिष्टजनों से भेंट की तस्वीर पोस्ट करते हुए अपना अमूल्य समय प्रदान करने के लिए उनका आभार भी जताया। उल्लेखनीय है कि महाकुम्भ के शुभारंभ को अब महज 15 दिन का ही समय रह गया है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप योगी सरकार के मंत्रीगण विभिन्न राज्यों में जाकर वहां के विशिष्ट और आमजनों को महाकुम्भ के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को सीएम योगी भी दिल्ली में विशिष्ट लोगों को आमंत्रित करने पहुंचे।

## महाकुम्भ नगर में संन्यासी अखाड़ों के बाद वैष्णव अखाड़ों की धर्म ध्वजा भी हुई स्थापित





**महाकुम्भ नगर, 28 दिसंबर।** महाकुम्भ नगर का अखाड़ा सेक्टर अखाड़ों के विविध धार्मिक आयोजन से भक्ति और अध्यात्म के रंग में सराबोर है। संन्यासी अखाड़ों की धर्म ध्वजा स्थापना के बाद सेक्टर 20 में तीनों वैष्णव अखाड़ों की धर्म ध्वजा स्थापना भी शनिवार को स्थापित हो गई। वैष्णव अखाड़ों में भी महाकुम्भ के विभिन्न अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे ।

**सेक्टर 20 में वैष्णव अखाड़ों की धर्म ध्वजा स्थापित**

महाकुम्भ में जन आस्था के सबसे बड़े आकर्षण सनातन धर्म के 13 अखाड़ों में भक्ति और अध्यात्म का रंग चढ़ने लगा है। संन्यासी अखाड़ों के बाद अब वैष्णव परंपरा के तीनों अखाड़ों ने सेक्टर 20 के त्रिवेणी मार्ग में स्थित शिवरों में अपनी अपनी धर्म ध्वजा स्थापित कर दी। वैष्णव परंपरा के अनुरूप ही तीनों वैष्णव अखाड़ों श्री पंच निमोर्ही अनि अखाड़ा, श्री पंच निवार्णी अनि और श्री पंच दिगंबर अनि अखाड़े की शनिवार को चरण पादुका पूजन और धर्म ध्वजा की स्थापना की गयी। श्री पंच निमोर्ही अनि अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास के मुताबिक चरण पादुका और धर्म ध्वजा स्थापना के बाद अब अखाड़े में सभी तरह के कार्यक्रमों की शुरूआत हो जाएगी। तीनों अखाड़े में ईष्ट देव भगवान हनुमान जी का प्रवेश हो गया है। तीनों अखाड़े के ईष्ट देव हनुमान जी महाराज हैं, जो कि धर्म ध्वजा के रूप में अखाड़े में विराजमान हो गये हैं। उनके मुताबिक पूरे महाकुम्भ तक हनुमान जी की यह ध्वजा इसी तरह शान से फहराती रहेगी।

## महाकुम्भ में तैनात हुआ अत्याधुनिक मल्टी डिजास्टर रिस्पांस व्हीकल, आपदाओं से निपटने में होगा कारगर



**महाकुम्भनगर, 28 दिसंबर।** महाकुम्भ 2025 की तैयारियों के बीच एक और बड़ी पहल की गई है। अब महाकुम्भ के विशाल आयोजन में किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए अत्याधुनिक मल्टी डिजास्टर रिस्पांस व्हीकल को मैदान में उतारा गया है। इस वाहन में कई आधुनिक सुविधाएं और उपकरण शामिल हैं, जो आपात स्थिति में लोगों की जान बचाने और आपदा प्रबंधन को आसान बनाने में मदद करेंगे। आपदाओं से निपटने में मिलेगी मजबूती उन्होंने बताया कि इस मल्टी डिजास्टर रिस्पांस व्हीकल की तैनाती के बाद महाकुम्भ के दौरान संभावित आपदाओं से निपटने में प्रशासन को काफी मदद मिलेगी। यह वाहन न केवल कुम्भ मेले के लिए, बल्कि अन्य आपदा प्रबंधन अभियानों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ के दौरान इस अत्याधुनिक व्हीकल के उपयोग से आपदा प्रबंधन को मजबूती मिलेगी और महाकुम्भ जैसे बड़े आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, हसनपुर (अमरोहा)

पत्रांक संख्या = 293/न0 पा0 परि0 ह0/2024 ''अल्पकालीन कुटेशन सूचना'' दिनांक = 28/12/2024

--------------------------------

नगर पालिका परिषद्, हसनपुर (अमरोहा) द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के सफल संचालन हेतु नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अन्तर्गत निम्न कार्य राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि / निकाय फण्ड से कराये जाने प्रस्तावित है। इच्छुक संस्था निम्न कार्यों को मोहर बन्द कुटेशन दिनांक ०4-1-2025 को समय. 2.० बजे तक अपने समस्त अनुभव प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय में दे सकते हैं। नियम व शर्तों की अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। अध्यक्ष / अधिशासी को अधिकार होगा कि वह बिना किसी कारण बताये कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत कर सकते हैं, जिसे किसी भी संक्षम न्यायालय में चुनौती नही दी जा सकती है।

| कम सं० | कार्य का नाम | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|
| 01 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 तथा एम.आर.एफ. सेन्टर के क्रियान्वयन | 06 माह |
| 02 | ओ.डी.एफ. ++ एवं जी.एफ.सी. के कार्य | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, हसनपुर
(अमरोहा)

# हरियाणा

## सरकार ने चार निजी सचिवों को सचिव पद पर किया पदोन्नत

चंडीगढ़ दिसंबर : हरियाणा सरकार ने हरियाणा सिविल सचिवालय सेवा के चार निजी सचिवों को सचिव के पद पर पदोन्नत किया है। जिन्हें पदोन्नत किया गया, उनमें कुलवंत कौर, कृष्ण चन्द्र, नीतू वढ़ेरा व रंजना गुप्ता शामिल हैं।

## किक बॉक्सिंग के पुरोधा संतोष कुमार अग्रवाल को कुलपति ने किया सम्मानित

चंडीगढ़ दिसंबर : फरीदाबाद स्थित जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने किक बॉक्सिंग के पुरोधा एवं अंतरराष्ट्रीय कोच संतोष कुमार अग्रवाल को सम्मानित किया। तोमर ने हरियाणा किक बॉक्सिंग संघ स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर संस्थापक महासचिव एवं वाको इंडिया किक बॉक्सिंग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना देते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के संचार क्लब टीम को दिल्ली में 1 से 5 फरवरी 2025 तक होने वाले चतुर्थ वाको इंडिया ओपन इंटरनैशनल किकबॉक्सिंग टूनार्मेंट के लिए निमंत्रण भी दिया। अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय के मीडिया विभाग के विद्यार्थी एवं संचार क्लब हमारे सभी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हमारा सहयोग करते हैं। फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, प्रेस रिलीज, सोशल मीडिया प्रबंधन जैसे सभी मीडिया संबंधित कार्य पूरी निष्ठा से करते हैं।

## संजय गांधी स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को पुष्पांजलि

लाडवा दिसम्बर : लाडवा के संजय गांधी मैमोरियल सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रबंधन, प्रिंसिपल, वाइस-प्रिंसिपल और शिक्षकों द्वारा महान अर्थशास्त्री शिक्षाविद, नौकरशाह और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की गई। स्कूल के अध्यक्ष पवन गर्ग, सचिव रविन्द्र बंसल, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गिल, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र खेड़ा, उप-प्रधानाचार्य नरेन्द्र शर्मा व अध्यापकगण ने दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पवन गर्ग ने डॉ. मनमोहन सिंह के अपार योगदान को याद करते कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह भारत के एक सफल वित्त मंत्री थे, जिन्होंने 1992 में प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव की सरकार के तहत भारत में आर्थिक सुधारों की शुरुआत की थी। अपने साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद, उन्होंने न केवल अर्थशास्त्र के क्षेत्र में बल्कि राजनीति में भी ऊंचाइयों को छुआ। एक अर्थशास्त्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उनका काम अभूतपूर्व रहा है। सचिव रविन्द्र बंसल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने उदारीकरण की शुरुआत कर-के देश को आर्थिक संकटों से बाहर निकाला और देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया। उन्होंने आरबीआई

## सरकारी स्कूलों की 5वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विंटर पैकेट तैयार, आज होगी पीटीएम

### विंटर पैकेट पूरा करवाने में नाना-नानी, दादा-दादी और बड़े सदस्यों की रहेगी अहम भूमिका

चंडीगढ़ दिसंबर : शिक्षा विभाग ने बालवाटिका-तीन से 5वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विंटर पैकेट तैयार कर लिया है। यह विद्यार्थियों को शीतकालीन अवकाश के दौरान करना होगा। इसे लेकर आज स्कूलों में पीटीएम भी आयोजित की जाएगी। क्योंकि इस होमवर्क को परिवार के बड़े सदस्यों के बिना संभव पूरा नहीं करवाया जा सकता। इसे पूर्ण करवाने में विद्यार्थियों के नाना-नानी, दादा-दारी और बड़े सदस्यों की अहम भूमिका रहेगी ताकि वे अपने अनुभवों से नई पीढ़ी को संस्कार, मार्गदर्शन, दक्षता, कौशल, व्यवहार कुलशता प्रदान कर सकें। इससे विद्यार्थी में शब्दकोष का विस्तार होगा।

### पीटीएम में शिक्षक अभिभावकों को बताएंगे जिम्मेदारियां

पीटीएम के दौरान शिक्षक अभिभावकों को जिम्मेदारी बताएंगे, जिसमें 8 बजे टीवी बंद करना, करीब 30 से 45 मिनट तक बच्चे की स्कूल डायरी देखना, रोजाना सभी विषयों में बच्चे का प्रदर्शन देखना, सुबह जल्दी उठने की आदत डालना, मेडिटेशन-ध्यान लगाने की आदत डालना, सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में बच्चों को शामिल करवाना, बच्चों से पौधे लगवाना और उन्हें पौधों का ख्याल रखना सीखाना, सोने के समय बच्चों को पंचतंत्र, तेनालीराम की शिक्षाप्रदा कहानी सुनाना, बच्चों की प्रतिभा का पता लगाना, प्लास्टिक के उपयोग न करने बारे प्रेरित करना, रविवार को बच्चे की पसंद का खाना बनाना, बच्चों को अनुशासन और जीने के बेहतर तरीकों के बारे में जानकारी देना, बच्चों को स्वयं पढ़ने और सीखने की आदत डालना, बच्चों को मोबाइल से दूर रखना, घर के कार्यों में बच्चों की सहायता लेना और बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना बताना है।



चंडीगढ़ : हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## आईटीआई के छात्र पर चाकू व सूए से किया जानलेवा हमला, पीजीआई में भर्ती, मामला दर्ज

रोहतक दिसंबर : आईटीआई के छात्र पर कुछ युवकों द्वारा चाकू व सूए से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में छात्र को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और इस बारे में पता किया। पुलिस के अनुसार कलानौर निवासी राहुल ने बताया कि वह आईटीआई का छात्र है और जब अपने दोस्त गांव मसुदपुर निवासी दिनेश के साथ शाम को आईटीआई से वापिस पैदल बाजार की तरफ जा रहे थे तभी रास्ते में मोटरसाइकिल पर सवार चीना, दीपक निवासी गांव आंवल व विकास निवासी गांव निगाना अपने दोस्तों के साथ वहां पहुंचे और उन्हें घेर लिया। इसी दौरान आरोपियों ने चाकु व सुए से दिनेश पर ताबतोड हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। घटना के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हुए तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। दिनेश को गंभीर हालत में पीजीआई में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इस संबंध में नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने दयालु योजना के तहत 3882 परिवारों के खातों में जारी किए 144.73 करोड़ रुपए

### योजना की शुरुआत से अब तक 20399 पात्र परिवारों को 763.69 करोड़ रुपए की सहायता राशि की जारी



नायब सिंह सैनी

### 1.80 लाख से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को प्रदान की जाती है वित्तीय सहायता

दयालु-क योजना उन परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए से कम है। परिवार सूचना डाटा रिपोजिटरी (एफआईडीआर) के माध्यम से सत्यापित किया गया है। यह सहायता किसी भी परिवार के सदस्य की प्राकृतिक या आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना के कारण स्थायी विकलांगता की स्थिति में दी जाती है। योजना के लिए पात्र परिवारों के पास परिवार आईडी/परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) होना चाहिए। योजना का लक्ष्य हरियाणा के पात्र परिवारों को विशेषकर असामयिक मृत्यु या विकलांगता के मामलों में समय पर वित्तीय सहायता प्रदान कर सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

चंडीगढ़ दिसंबर : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु-क) के तहत 3882 लाभार्थियों के बैंक खातों में 144.73 करोड़ रुपए की राशि जारी की है। अंत्योदय परिवारों को सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई योजना का उद्देश्य परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या स्थायी विकलांगता के कारण वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे लोगों को सहायता प्रदान करना है। प्रवक्ता ने बताया कि इस पहल के तहत योजना की शुरुआत से अब तक पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने वाले 20399 पात्र परिवारों को 1 अप्रैल 2023 से 30 जून 2024 तक 763.69 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। यह राशि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में स्थानांतरित की जा रही है।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने गांवों में जलापूर्ति बढ़ाने के लिए 147.88 लाख रुपए किए मंजूर

चंडीगढ़ दिसंबर : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बनारसी डिस्ट्रीब्यूटरी में साइफन और क्रॉस रैगुलेटर के पुनर्निर्माण के लिए 147.88 लाख रुपए मंजूर किए हैं। सरकार द्वारा उठाए गए इस कदम का उद्देश्य जल प्रवाह में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को हल करना और क्षेत्र के कई गांवों को लाभ पहुंचाना है। परियोजना से गांव खानपुर, हेबटका, मरोदा, कोरा बास, झिमरावत, मरोदा बास, बसी, पुथली, जलालपुर, फिरोजपुर दहर, इमामनगर, मोहम्मद सरल अकलीमपुर, बुखारका, भादस, करहेड़ी, करकेरा, जेतका अकलीमपुर, राजाका, उलेटा, घागस, नोटकी, नगीना को लाभ मिलेगा।


### जल वितरण में प्रमुख समस्याओं का होगा समाधान

आरडी 15750 पर साइफन के संकरे मुंह के कारण बहता हुआ मलबा अकसर फंस जाता है, जिससे नहर में पानी भर जाता है और पंप हाऊस तक पानी नहीं पहुंच पाता। इससे नहर के अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति भी बाधित होती है, जिससे निचले इलाकों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। साइफन के पुनर्निर्माण से यह बाधा दूर होगी। जिससे जल प्रवाह समुचित ढंग से होगा और पानी की बबार्दी रुकेगी। बनारसी डिस्ट्रीब्यूटरी के आरडी 47650 पर एक क्रॉस रेगुलेटर की आवश्यकता है ताकि शादीपुर माइनर में जल स्तर बढ़ाया जा सके। इस व्यवस्था से पानी शादीपुर माइनर के अंतिम छोर के गांवों तक पहुंच सकेगा। जिससे इन क्षेत्रों में सिंचाई की जरूरतें पूरी होंगी।

### लागत अनुमान और लाभ

साइफन के पुनर्निर्माण की अनुमानित लागत 48.07 लाख है जबकि क्रॉस रेगुलेटर के निर्माण पर 99.81 लाख खर्च होने का अनुमान है। साथ में ए परियोजनाएं समान जल वितरण के साथ किसानों को राहत प्रदान करेंगी और पूरे क्षेत्र में कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देंगी। इन परियोजनाओं का उद्देश्य अंतिम छोर के क्षेत्रों में जलापूर्ति उपलब्ध कराना है। जिससे हजारों लोगों को सीधा लाभ होगा। इससे न केवल लंबे समय से चली आ रही सिंचाई संबंधी समस्याओं का समाधान होगा बल्कि गांवों में फसल की पैदावार बढ़ेगी।

## हरियाणा के राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर दुख किया व्यक्त



बंडारू दत्तात्रेय।

चंडीगढ़ दिसंबर : हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक अनुभवी राजनितीज्ञ, कुशल अर्थशास्त्री और दूरदर्शी नेता थे। जिन्होंने अपना जीवन देश के लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। राज्यपाल ने कहा कि देश के विकास में उनके योगदान व लोगों के कल्याण के लिए उनकी प्रतिबद्धता को हमेशा याद किया जाएगा। डा. मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री के रूप में देश को वित्तीय संकट से उबारने के लिए उदारीकरण की नीति लागू की थी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई संरचनात्मक सुधार किए, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिली। दत्तात्रेय ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। दत्तात्रेय ने कहा कि परमात्मा दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे।

## पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का निधन दुर्भाग्यपूर्ण और हृदय विदारक : मंत्री अनिल विज



अनिल विज।

अम्बाला छावनी दिसम्बर : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है और उनके निधन को दुर्भाग्यपूर्ण और हृदय विदारक बताया है। एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने लिखा कि पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का निधन दुर्भाग्यपूर्ण और हृदय विदारक है। मैं उनके निधन पर दुख व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि इस दुख के कठिन समय में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। प्रभु परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दें। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की उम्र में वीरवार (26 दिसंबर) को निधन हो गया। उनकी आयु-संबंधी चिकित्सा स्थितियों का उपचार किया जा रहा था और 26 दिसंबर 2024 को घर पर ही उन्हें अचानक बेहोशी आ गई। घर पर तुरंत उन्हें बचाने के उपाय शुरू किए गए। उन्हें रात 8:06 बजे नई दिल्ली के एम्स के मैडीकल एमरजैंसी में लाया गया। तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और रात 9:51 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 27 दिसंबर के लिए निर्धारित सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं और 7 दिनों का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। मनमोहन सिंह का जन्म 1932 में पंजाब में हुआ था। वह 2004 से 2014 तक लगातार दो बार भारत के प्रधानमंत्री रहे। उसके बाद 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी ने उनकी जगह ली थी।

## देश पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कृषि मंत्री ने व्यक्त की शोक संवेदना



श्याम सिंह राणा

चंडीगढ़ दिसंबर : हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। राणा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे न केवल एक कुशल अर्थशास्त्री थे बल्कि एक दूरदर्शी राजनेता और भारतीय राजनीति के एक महत्वपूर्ण स्तंभ भी थे। कृषि मंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने लंबे और समर्पित सार्वजनिक जीवन में हमेशा गरीबों और वंचितों के कल्याण के लिए आवाज उठाई। उनके नेतृत्व ने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं का सम्मान और प्रशंसा अर्जित की। डॉ. मनमोहन सिंह की विरासत आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में प्रेरित करती रहेगी।

## कमेटियों में उठे मसलों को गंभीरता से लें अधिकारी : हरविन्द्र कल्याण

हरियाणा विस अध्यक्ष ने की मुख्य सचिव के साथ बैठक

### बोले, विधेयकों के प्रारूप निर्धारित समयावधि में मिलें





हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष सरकार के मुख्य सचिव के साथ बैठक करते हुए।

चंडीगढ़ दिसंबर : हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को सरकार के मुख्य सचिव विवेक जोशी समेत वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विधानसभा के कामकाज और सचिवालय से संबंधित अनेक मसलों पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने सभी विषयों पर बैठक करके अधिकारियों को उचित निर्देश देने का आश्वासन दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के विभागों की ओर से विधेयकों के प्रारूप निर्धारित समयावधि में ही मिलने चाहिए। विधेयकों का मसौदा देरी से मिलने के कारण विधायक उसका ठीक से अध्ययन नहीं कर पाते। विधायकों की सार्थक चर्चा से ही विधेयक पारित होने चाहिए। इसी प्रकार विधानसभा की कमेटियों में उठाए गए मसलों पर भी विभागों की ओर से समयबद्ध ढंग से जवाब मिलने चाहिए। विधानसभा की कमेटियां सदन का लघु रूप है इसलिए इनकी कार्यवाही को गंभीरता से लेना चाहिए। विधानसभा सचिवालय से संबंधित अनेक अन्य महत्वपूर्ण विषय भी मुख्य सचिव के संज्ञान में लाए गए। विधानसभा कमेटियों के अध्ययन दौरों से संबंधित यात्रा-व्यय की अनुमति में देरी के मसले पर भी बैठक में चर्चा हुई। चर्चा में आया कि विधानसभा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण कार्यों में कई बार अनापेक्षित रूप से अधिक समय लग जाता है। जिससे विधायक और विधायी कार्य प्रभावित होते हैं। मामले में बेहतर समन्वय के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि निकट भविष्य में विधायकों और विधानसभा कर्मचारियों के प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इनके लिए समुचित प्रबंध प्रदेश सरकार के संबंधित विभागों को करने हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के योगदान को हमेशा याद रखेगा : कुमारी सैलजा



पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के साथ कुमारी सैलजा। (फाइल फोटो)

चंडीगढ़, दिसंबर : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, उत्तराखंड की प्रभारी, सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन की सूचना से मन बेहद आहत है। उनका जाना पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है, लेकिन मेरे लिए यह परिवार के एक बड़े और मार्गदर्शक के चले जाने जैसा है। भारत के आर्थिक सुधारों में उनका योगदान ऐतिहासिक है जो सदैव याद किया जाएगा। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भारत ने उदारीकरण, वैश्वीकरण और आर्थिक विकास की राह पकड़ी, जिसने करोड़ों भारतीयों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया। मेरे लिए उनके साथ काम करना न केवल एक सौभाग्य था, बल्कि हर पल उनसे सीखने का अवसर भी मिला। उनकी सादगी, धैर्य और निस्वार्थ सेवा का उदाहरण सदैव प्रेरणा देता रहेगा। देश उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा। उन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी को साथ लेकर काम किया। उन्होंने वित्तीय संकट से घिरे देश को एक नई अर्थव्यवस्था के मार्ग पर प्रशस्त किया। जनता के प्रति देश के विकास के प्रति उनका कमिटमेंट उसे हमेशा बहुत सम्मान से देखा जाएगा। उनका जीवन, उनकी ईमानदारी और सादगी का प्रतिबिंब था। उनकी विनम्रता सौम्यता उनके संसदीय जीवन की पहचान बनी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें।

### जगजीत सिंह डल्लेवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य पर जताई चिंता

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत में गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वे बेशक अपना अनशन जारी रखें, लेकिन सेहत के लिए जितना जरूरी है। किसानी मांगों पर सरकार कोई ध्यान ही नहीं दे रही है, केंद्र ने बेशर्मी वाला रवैया अपना रखा है। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के चलते अब तक लाखों किसान आत्महत्याएं कर चुके हैं। सरकार जिद छोड़कर किसानों को फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी दे।

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने डा. मनमोहन सिंह के निधन पर जताया शोक, दी श्रद्धांजलि

चंडीगढ़, दिसंबर : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। इस मौके पर हुड्डा ने कहा कि दुनिया के महान अर्थशास्त्री, भारत में आर्थिक सुधारों के पुरोधा और अपने काम के जरिये देश को प्रगति पथ पर आगे बढ़ाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह जी के निधन की खबर से मन व्यथित है। उनके जाने से राजनीतिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है, जो निकटतम भविष्य में भर पाना बेहद मुश्किल है। वो दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि और परिवारजनों व समर्थकों के प्रति गहरी संवेदनाएं अर्पित करते हैं। उनके कार्यों, योजनाओं और योगदान के लिए देश हमेशा मनमोहन सिंह को याद रखेगा। उनके कार्यकाल के दौरान देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ और दुनिया में सबसे ज्यादा तेजी से प्रगति की रफ्तार हासिल की। पूरे देश के साथ हरियाणा के विकास में भी उनका विशेष योगदान रहा। मनमोहन सरकार के दौरान ही हरियाणा को फतेहाबाद का न्यूक्लियर पावर प्लांट, रोहतक-रेवाड़ी रेलवे लाइन, जींद-सोनीपत रेलवे लाइन, झज्जर का ग्लोबल न्यूक्लियर पावर रिसर्च सैंटर, कई नेशनल हाईवे समेत विभिन्न राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर की परियोजनाएं मिलीं।



# राज्य के 21 जिलों में 208 युवा क्लिनिक संचालित

## एनीमिया पर लगाम लगाने के लिए लड़के-लड़कियों में भेदभाव समाप्त करना आवश्यक- डॉ. अमिता सिन्हा

**›› पोग्स, फोगसी, आईसोपार्ब एवं सिफार के तत्वावधान में किशोर स्वास्थ्य पर बैठक आयोजित**




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पटना।** किशोर स्वास्थ्य पर जनमानस में जागरूकता का प्रचार-प्रसार फैलाने के उद्देश्य से पोग्स, फोगसी, आईसोपार्ब एवं सिफार के तत्वावधान में किशोर स्वास्थ्य पर बैठक का आयोजन शनिवार को आईएमए हॉल में किया गया. बैठक में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत किशोर किशोरी स्वास्थ्य, माहवारी स्वच्छता, किशोरियों में गर्भधारण एवं पोग्स, फोगसी एवं आईसोपार्ब द्वारा किशोर-किशोरी स्वास्थ्य में सहभागिता पर चर्चा की गयी। बैठक में वक्ताओं द्वारा बताया गया कि बिहार एक युवा राज्य है जहाँ करीब 22 प्रतिशत आबादी किशोरों की है. इस समूह में स्वास्थ्य पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राज्य के 21 जिलों में 208 युवा क्लिनिक संचालित संचालित किये जा रहे हैं जिनके माध्यम से किशोरों के बीच स्वास्थ्य संबंधी सभी पहलुओं की जानकारी दी जा रही है. पियर एजुकेशन के माध्यम से राज्य के 5 जिलों गया, जमुई, सीतामढ़ी, कटिहार एवं पुर्णिया में जागरूकता फैलाने के प्रयास किया जा रहा है. इसके अंतर्गत 6 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है और फिर यह ग्रुप किशोर स्वास्थ्य पर जागरूकता एवं शिक्षा फैलाने के प्रयास करता है. बैठक में बताया गया कि स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम राज्य के 22 जिलों में संचालित किया जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए पोग्स की सचिव डॉ. अमिता सिन्हा ने कहा कि लोगों के व्यव्हार में परिवर्तन लाना आवश्यक है क्यूंकि तब ही किशोरियों में एनीमिया की समस्या से निजत पाया जा सकता है. समुदाय में लड़के-लड़कियों में भेदभाव समाप्त करना जरुरी है ताकि बालिकाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य एवं उनके पोषण की आपूर्ति हो सके. फोगसी में किशोर स्वास्थ्य की चेयरपर्सन डॉ. सुप्रिया जयसवाल ने कहा कि 78 फीसदी किशोरियां सेनेटरी पैड के बारे में जानती हैं. उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 2011 में माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम की शुरूआत की गयी. इसके लिए जागरूकता की अहम् भूमिका है और इस विषय के बारे में खुलकर बिना संकोच के बातचीत करने की जरुरत है। बैठक को संबोधित करते हुए आईसोपार्ब की अध्यक्ष एवं एम्स पटना में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. हिमाली सिन्हा ने कहा कि किशोरावस्था में गर्भधारण माँ एवं उसके बच्चे दोनों में एनीमिया का खतरा उत्पन्न करता है. उन्होंने कहा कि किशोरियों का संवेदीकरण जरुरी है ताकि वह कम उम्र में गर्भधारण के खतरे की समझ सकें और जागरूक हों. उन्होंने कहा कि स्कूलों में गर्भ निरोधकों के बारे में जानकारी देना एवं जागरूकता फैलाना जरुरी है. बैठक में डॉ. मीना सामंत, पोग्स की अध्यक्ष ने बताया कि संस्था द्वारा इससे संबंधित चिकित्सकों को हर महीने प्रजनन एवं मातृ स्वास्थ्य पर जागरूक किया जाता है। बैठक में राज्य स्वास्थ्य समिति से राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम से जुड़ी मिनी, सिफार की टीम के साथ पिरामल स्वास्थ्य के मुकेश, सी 3 के प्रतिनिधि एवं मीडिया के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# जिला यक्ष्मा कार्यालय में मीडिया वर्कशॉप का किया गया आयोजन




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**सीतामढ़ी।** सौ दिवसीय सघन यक्ष्मा जागरूकता एवं खोज अभियान कार्यक्रम अंतर्गत जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सीतामढ़ी डॉक्टर जेड जावेद एवं जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्री कमल सिंह की उपस्थिति में मीडिया वर्कशॉप का आयोजन जिला यक्ष्मा केंद्र सीतामढ़ी में किया गया। डॉक्टर जावेद द्वारा जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाताओं के साथ यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम को साझा करते हुए सहयोग की अपील की गई। टीबी के लक्षणों के बारे में विस्तार से बताते हुए अपील की गई की समाज में आपका विशेष महत्व है एवं आपकी बातों का असर जनता पर पड़ता है, अतः सौ दिवसीय संघन यक्ष्मा जागरूकता एवं खोज अभियान अंतर्गत यक्ष्मा के लक्षणों की जांच एवं इलाज तथा सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें। जैसे दो सप्ताह से अधिक की खांसी, बुखार, संध्या में अधिक पसीना आना, लगातार वजन कम होना, छाती में दर्द, बलगम आना एवं बलगम में खून आना आदि लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क बलगम की जांच अथवा एक्स-रे करावे एवं यक्ष्मा रोग की पुष्टि होने पर निर्धारित अवधि तक अपना इलाज करावे यह पूरी तरह निःशुल्क है। सरकार द्वारा अब इलाज अवधि तक सभी मरीजों को 1000 मासिक डीबीटी के माध्यम से निक्षय पोषण योजना के तहत भुगतान किया जाता है, साथ ही निश्चय मित्र की सहायता से इलाज अवधि में न्यूट्रीशनल सपोर्ट भी उपलब्ध कराया जाता है। 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक सौ दिवसीय सघन यक्ष्मा जागरूकता एवं खोज अभियान जिले में चलाया जा रहा है जिसके तहत वर्तमान में तीन निश्चय वाहन जिसमें एक्स-रे, नाट जांच सहित अन्य आवश्यक जांच की भी सुविधा उपलब्ध है, यह प्रत्येक प्रखंड के चिन्हित पंचायतों में सौ दिनों तक माइक्रो प्लान के अनुसार भ्रमण कर नए रोगियों की खोज कर रहा है। अतः समाज में लोगों को जागरुक कर इस वाहन का भरपूर लाभ उठाने हेतु अपने स्तर से लोगो को प्रेरित करें। सरकार द्वारा सी-वाई टीबी जांच की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है जो यक्ष्मा के मरीजों के संपर्क में रहने वाले 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का जांच कर उन्हें टीबी प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट भी प्रदान करेगा, जिससे नए लोगों में टीबी के फैलने की संभावना कम हो जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है इसके साथ-साथ जिला पदाधिकारी महोदय के निदेशानुसार निजी चिकित्सकों, इंटर डिपार्टमेंटल कोलैबोरेशन और भी कार्य किया जा रहा है साथ ही जागरूकता रैली, स्कूलों में क्विज कंपटीशन, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक जैसे और भी कार्य कराया जा रहा है जिससे जनभागीदारी सुनिश्चित की जा सके। जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। बैठक में डॉक्टर एसपी झा चिकित्सा पदाधिकारी, डीईओ सह लेखापाल रंजन शरण, डीपीसी रंजय कुमार, प्रयोगशाला प्राविधिक मोहम्मद शमीम आजाद, देवेंद्र प्रसाद संपूणानंद मिश्रा, रवि कुमार, विकास कुमार सहित अन्य यक्ष्मा कर्मचारी उपस्थित थे।

# नए वर्ष 2025 के आगमन को लेकर प्रशासन ने विधि व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से चौकस।

## सीमा क्षेत्रों में एसएसबी एंव पुलिस ने की ज्वाइंट पेट्रोलिंग।



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**वाल्मीकिनगर (पश्चिम चंपारण)।** भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी बी कंपनी के जवानों ने नए वर्ष 2025 के आगमन को लेकर विधि व्यवस्था को कायम रखने के उद्देश्य से वाल्मीकि नगर पुलिस के साथ शनिवार की सुबह सीमा क्षेत्र में ज्वाइंट पेट्रोलिंग की। इस बाबत जानकारी देते हुए वाल्मीकि नगर थाना के थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि नए वर्ष के उपलक्ष में पर्यटकों की बड़ी संख्या में आने के अनुमान को लेकर थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था को कायम रखने एंव भय मुक्त माहौल का निर्माण करने के उद्देश्य से एसएसबी के साथ मिलकर थाना क्षेत्र के मुख्य सडक सहित हर चौक चौराहे क्षेत्र में संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग की गई। ताकि अपराध और अपराधियों पर नकेल कसा जा सके। एसएसबी का नेतृत्व गंडक बराज पर तैनात एसएसबी के सहायक कमांडेंट जयंत बोरा कर रहे थे।उनके साथ ए एस आई कमल बर्मन मौजूद रहे।इस संयुक्त पेट्रोलिंग के माध्यम से लोगों को जागरुक करते हुए बताया गया,कि किसी भी प्रकार के संदिग्ध वस्तु या अनजान व्यक्ति जिसकी एक्टिविटी संदिग्ध लगे तो देखते ही तत्काल इसकी सूचना एसएसबी या वाल्मीकिनगर पुलिस को दें। ताकि अपराध को घटित होने से पहले नियंत्रित किया जा सके। साथ ही साथ शराब तस्कर,वन तस्कर,असमाजिक तत्व,मानव व्यपार आदि अपराध को रोका जा सके। मौके पर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ,एसआई राजेश आनंद,सिपाही गौतम कुमार,छोटू कुमार, सहित अन्य पुलिस बल के आलावा एसएसबी के अधिकारी व कई जवान मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री का प्रगति यात्रा छलावा निकला




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पश्चिम चम्पारण के थरुहट इलाके के वोटवा गांव गांव से प्रगति यात्रा निकाली। इस यात्रा को निकालने में करोड़ों रुपए बिहार सरकार के लूटा दिए गए। पिछले 20 दिनों से पूरी तरह से प्रशासनिक कार्य ठप रहे। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के बिहार राज्य सचिव मण्डल सदस्य तथा बिहार राज्य ईख उत्पादक संघ के महासचिव प्रभुराज नारायण राव,जिला सचिव चांदसी प्रसाद यादव,जिला सचिव मंडल सदस्य प्रभुनाथ गुप्ता ,शंकर कुमार राव ने एक संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से कहा कि बिहार में बदहाली के शिवाय कुछ नहीं है।डबल इंजन की शासन काल बिहार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है।उन्होंने कहा कि बिहार के गन्ना उत्पादन का हब है पश्चिम चम्पारण। यहां 5 चीनी मिलें चल रही है। पिछले एक दशक से बिहार के गन्ना किसान गन्ना के कीमत में राज्य समर्थित बढ़ोतरी का बेसबरी से इंतजार कर रहे हैं। जिसके लिए मात्र 20 रुपए बढ़ोतरी की घोषणा की है।जो गन्ना किसानों के साथ मजाक है। उन्होंने मांग किया कि गन्ना की कीमत 550 रुपए किया जाय।घटतौली करने वाले चीनी मिलों से सरकार सख्ती से पेश आवे तथा मक्का के बीज को मनमाने दाम में बेचने वाले तीनों बीज भंडारों पर सख्त कार्रवाई किया जाए। जिसमें कृषि विभाग के मिली भगत पर ध्यान रखा जाए।

# पंकज कुमार सब-इंस्पेक्टर को डीएसपी ने स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई दी



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**सीतामढी।** बाजपट्टी थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक पंकज कुमार को अवर निरीक्षक एवं सुबोध कुमार सिंह को सहायक अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति दी गयी है, बाजपट्टी थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अतलो दत्ता ने पंकज कुमार एवं सुबोध कुमार सिंह को स्टार लगा कर पदोन्नति की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर निरीक्षक पुपरी अंचल अजीत कुमार श्रीवास्तव, बाजपट्टी थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर सूरज कुमार, बाजपेयी अंचल अधिकारी, पत्रकार मोहम्मद सदरे आलम नौमानी, फैज अहमद मुखिया, राजेश चौधरी मुखिया. मुखिया प्रतिनिधि सुशील कुमार यादव समेत दर्जनों लोग शामिल थे. इस अवसर पर थाना परिसर में शानदार रात्रि भोज का आयोजन किया गया था जिस की निगरानी थाना अध्यक्ष सूरज कुमार एवं, अवर निरीक्षक पंकज कुमार कर रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### फाइनेंस कंपनी के एजेंट ने हड़पे रूपये, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

**जालौन-उरई।** उपभोक्ता द्वारा फाइनेंस पर बाइक खरीदने के बाद एजेंट को रुपये जमा करने के बाद एजेंट ने कंपनी में रुपये जमा नहीं किए। पीड़ित उपभोक्ता ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी महेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने उरई मार्ग स्थिति हीरो मोटरसाइकिल एजेंसी से फाइनेंस पर बाइक खरीदी थी। उन्होंने एजेंसी पर फाइनेंस का काम करने वाले एजेंट को किश्तों का रुपये जमा कर दिया। पूरे रुपये जमा करने के बाद भी कंपनी उन पर 13 हजार रुपये बकाया बता रही है। जब उन्होंने इसकी शिकायत एजेंसी में की तो उन्होंने कर्मचारी को हटा देने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। जबकि रुपये जमा कराने वाला एजेंट मिल नहीं रहा है और कंपनी के कर्मचारी भी कोई सहयोग नहीं कर रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से एजेंट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### खड़ी फसल जबरन बखर देने की एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग

**कोंच।** नदीगाँव थाना क्षेत्र के ग्राम भकरौल निवासी छोटेलाल पुत्र परमानंद ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि करीब 20 दिन पूर्व उसने अपने खेत नंबर 267 में जौ की फ़सल बोई थी। गत रोज बुधवार को गाँव सहित नदीगाँव कस्बे के करीब 10 लोग असलहे लेकर ट्रेक्टर, कार और बाइक पर सवार होकर खेत पर आए और बलपूर्वक जबरन फ़सल बखर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पीड़ित किसान छोटेलाल ने एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। एसडीएम ने प्रार्थनापत्र पर जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए।

### ससुरालीजन कर रहे पुत्री को परेशान, पिता ने की सीओ से शिकायत

**कोंच।** विवाहित पुत्री को उसके ससुरालीजनों द्वारा प्रताड़ित किए जाने से परेशान पिता ने सीओ से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। चंद्रभान पुत्र रामनारायण कुशवाहा निवासी छोटी दोहर ने क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार पचौरी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री आरती की शादी बीते 8 माह पूर्व कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम खुटैला निवासी मोहित कुमार पुत्र रामकिशोर के साथ की थी। शादी में उसने सामर्थ से अधिक दान दहेज़ दिया था। शिकायत कर्ता ने बताया शादी के कुछ ही दिनों बाद ससुराल के लोग 2 लाख रुपये नगदी, बाइक और सोने की चेन की मांग को लेकर पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। मामले को लेकर रिश्तेदारों ने पंचायत कर ससुराल के लोगों को समझा दिया था लेकिन बीती 11 दिसंबर को ससुराल के लोगों ने पुत्री को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया जिसके बाद से पुत्री अपने मायके में रहने पर मजबूर है। चंद्रभान ने सीओ को बताया कि वर्तमान समय में ससुराल के लोग उरई के मुहल्ला उमरारखेरा में रह रहे हैं और पुलिस से शिकायत करने पर उसे झूठे मुकदमे में फँसा देने व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। चंद्रभान ने मामले को लेकर सीओ से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वही सीओ ने जांच कर कार्यवाही किए जाने का शिकायतकर्ता को भरोसा दिया।

# युवक किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया

**जालौन-उरई।** बेटे के साथ कंपनी में काम करने वाला युवक किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युगल की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी गांव में ही शिक्षा प्राप्त करती है। उनका बेटा हरियाणा में रहकर एक कंपनी में काम करता है। कंपनी में ही कार्यरत एक अन्य युवक शिवा से उसकी दोस्ती हो गई। जिसके बाद शिवा का घर भी आना जाना हो गया। इसी दौरान शिवा ने उनकी बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। बीती 22 दिसंबर को उनकी बेटी गांव में ही ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी। वहीं से शिवा उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। काफी तलाश करने के बाद भी दोनों का कहीं पता नहीं चला। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

# नदीगांव में निकाली गयी खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा

■ कोंच



तहसील क्षेत्र के नदीगांव में खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में डीजे पर बज रहे भजनों पर श्याम प्रेमी झूमते नाचते चल रहे थे। यात्रा मार्ग में जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

यात्रा स्वामीजी मंदिर से शुरू की गई। सैकड़ों की संख्या में मस्तक पर चंदन का लेप लगाए और पगड़ी बांधे पागल श्याम प्रेमी हांथों में बाबा खाटू श्याम का निशान झंडा लेकर चल रहे थे। बैंड बाजों और डीजे की धुनों पर युवाओं के साथ साथ महिलाएं और युवतियां भी झूमकर नाचते गाते आगे बढ़ रही थीं। कस्बे का भ्रमण कर निशान यात्रा निर्धारित स्थल किला मैदान पहुंची जहाँ बाबा खाटू श्याम का भोग लगाकर भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। सैकड़ों पागल श्याम प्रेमियों ने भंडारा प्रसाद छका। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व केन्द्रीय मंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा,कैलाश मिश्रा,अभिमन्यु सिंह, अंशुल दीक्षित, माताप्रसाद जारौलिया, अनुज अवस्थी, अवनीश अग्रवाल, उमाकांत त्रिपाठी, हेमंत यादव, नन्दलाल चौरसिया, विक्की बजाज, बंटी सविता, गौरव अग्रवाल, शुभम, नितिन सोनी, छोटू, सचिन मिश्रा, ठाकुर, सत्यम गौर, हनी, आनंद चौरसिया आदि तमाम श्याम प्रेमी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश तिवारी की अगुवाई में एसएसआई शैलेन्द्र सिंह, मुकेश द्विवेदी, अमित शुक्ला, वेदप्रकाश कोंच, दिनेश कुमार, रामवीर कैलिया, राम गिरीश, उदय यादव दीवान आदि यात्रा में साथ रहे। देर शाम भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भजन गायक अरुण मधुकर उरई एवं गायिका भावना भदौरिया ग्वालियर ने भजन गाए।

# सीएचसी में जिला अस्पताल के समान सुविधाएं बढ़ाने और भवन का क्षेत्रफल बढ़ाने की मांग

■ जालौन-उरई

तहसील क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख की आबादी पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। जहां मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं। सीएचसी में जिला अस्पताल के समान सुविधाएं बढ़ाने और भवन का क्षेत्रफल बढ़ाने की मांग नगरवासियों ने क्षेत्रीय सांसद व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की है।

अधिवक्ता उमेश दीक्षित, अशफाक राईन, विपुल दीक्षित, महेंद्र शिवहरे आदि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर लिखा कि जालौन तहसील का काफी बड़ा क्षेत्रफल है जिसमें लगभग 220 गांव आते हैं। जबकि नगर में एक लाख से अधिक जनसंख्या यहां निवास करती है। तहसील क्षेत्र के सैंकड़ों की संख्या में मरीज प्रतिदिन सीएचसी में आते हैं। प्रतिदिन की ओपीडी करीब 600 से 800 मरीजों की है। हालांकि पैथोलॉजी के लिए अलग भवन दे दिया गया है। फिर भी मरीजों की सुविधा के लिए सीएचसी का भवन पर्याप्त नहीं है। सीएचसी पर सुविधाएं भी आबादी के लिहाज से पर्याप्त नहीं है। उन्होंने मांग की है कि इतनी बड़ी जनसंख्या को देखत हुए सीएचसी पर जिला अस्पताल के समान ही सुविधाएं दी जाएं।

इससे न सिर्फ जिला अस्पताल पर मरीजों का भार कम होगा। बल्कि जालौन क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं मिलने से उन्हें अधिक रुपये और खर्च नहीं करना पड़ेगा। इसके अतिक्ति सीएचसी पर होने वाली मरीजों की भीड़ को देखते हुए सीएचसी में खाली पड़ी भूमि पर नई बिल्डिंग बनवाई जाए जिसमें आवास, एक्सरे की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाए। ताकि मरीजों और तीमारदारों को परेशान न होना पड़े।

# तांत्रिक गीरी की बातो में फंसाकर महिलाओं से की टप्पेबाजी

**कोंच।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेंड में खेत पर काम कर रही महिला से बाइक सवार 2 युवकों ने रास्ता पूंछने के बहाने अपनी बातों में फंसा लिया और फिर तांत्रिक गिरी का ढोंग कर कानों में पहने सोने के टॉक्स और बाला उतरवा कर ले गए। ग्राम भेंड़ निवासी महादेवी कुशवाहा अपने रिश्ते में लगने वाली बहू शांति देवी के साथ गांव के बाहर किसान मनीराम के प्याज के खेत में काम कर रही थी तभी बाइक सवार दो युवक मौके पर पहुंचे और दोनों महिलाओं से आगे का रास्ता पूंछने के बहाने बातचीत करने लगे। युवकों ने महिला को तांत्रिक गिरी में फंसाकर उनके कानों से सोने के टॉक्स और बाला उतरवा लिए और मौके से भाग गए। कुछ देर बाद महिलाओं ने ग्रामीणों को पूरी घटना बतायी जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित महिलाओं से जानकारी ली।

# एसडीएम लिखी प्राइवेट गाड़ी का पुलिस ने किया चालान

■ कोंच



तहसील कार्यालय सीओ ऑफिस के बाहर खडी एसडीएम लिखी एक प्राइवेट बोलेरो गाड़ी का पुलिस ने चालान काट दिया।

शुक्रवार की दोपहर एक प्राइवेट बोलेरो गाड़ी तहसील कार्यालय परिसर में खड़ी हुई थी। गाड़ी के पीछे एसडीएम लिखा हुआ था जबकि आगे गाड़ी के अंदर रखी हुई प्लेट पर उप जिलाधिकारी लिखा हुआ था। प्राइवेट गाड़ी पर एसडीएम लिखे होने पर किसी ने फोटो खींचकर.शासन प्रशासन स्तर पर ट्वीट कर दिया। ट्वीट होने के बाद स्थानीय अधिकारियों को मामले की जानकारी हुई तो सीओ देवेंद्र कुमार पचौरी मौके पर पहुंचे और गाड़ी में एसडीएम लिखे होने की जांच पड़ताल की। बताया जा रहा है कि यहां तहसील में एक लेखपाल का भाई.पड़ोसी जिले में एसडीएम के पद पर तैनात है और लेखपाल अपने भाई की यह प्राइवेट गाड़ी इस्तेमाल करता है। प्राइवेट गाड़ी में एसडीएम लिखे होने पर सीओ के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने गाड़ी का चालान काट दिया। सीओ देवेंद्र कुमार पचौरी का कहना है कि प्राइवेट गाड़ी पर सरकारी पद लिखना शासन के नियमों के विपरीत है जिसके चलते गाड़ी का चालान किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बस पर पत्थर गिर जाने से महिला पर्यटक की मौत



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी से एक पत्थर लुढ़क कर एक मिनी बस पर गिर गया, जिससे एक महिला पर्यटक की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना मेहर इलाके में हुई, जहां शुक्रवार रात एक एक पत्थर मिनी बस की खिड़की से टकरा गया जिससे बस में बैठी महिला के सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्होंने बताया कि घायल महिला को रामबन के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिनी बस जम्मू से रामबन जा रही थी तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी रूबी अग्रवाल के रूप में की है।

### मुंबई में कबाड़ के गोदामों में भीषण आग



**मुंबई।** मुंबई के कुर्ला इलाके में एक परिसर में स्थित कबाड़ और प्लास्टिक सामग्री के गोदामों में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। दमकल विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने इसे ''स्तर तीन'' की आग बताया जो साकीनाका में वाजिद अली कंपाउंड के गोदामों में रखे कबाड़ और प्लास्टिक सामग्री तक सीमित रही। आग लगने की यह घटना सुबह करीब छह बजे हुई। दमकल विभाग ने कहा, ''आग ने भूतल के 1,000 गुणा 500 वर्ग फुट के क्षेत्र और एक मंजिला संरचना को आंशिक तौर पर प्रभावित किया।'' अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल की 11 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया।

### अवैध रूप से रह रहा बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने देश में अवैध रूप से रहने के आरोप में एक बांग्लादेशी नागरिक को महानगर के पार्क स्ट्रीट इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक के पास फर्जी पहचान पत्र थे। उसने शुक्रवार को बताया कि बांग्लादेश में नरैल के रहने वाले व्यक्ति को एक गोपनीय सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार को कोलिन्स लेन से पकड़ा गया। वह 2023 से शहर के खिदरपुर इलाके में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उसके पास एक फर्जी पैन कार्ड और फर्जी आधार कार्ड है जिस पर उत्तर 24 परगना का पता लिखा है। हाल में पार्क स्ट्रीट के पास मार्क्विस स्ट्रीट इलाके से एक और बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया था जो वर्षों से शहर में रह रहा था।

---

#### अमित शाह ने की आईटीबीपी जवानों की तारीफ


# आप पर देश को गर्व,भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने बताया 'हीमवीर' : अमित शाह

एजेंसी, नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने चुनौतीपूर्ण और कठिन परिस्थितियों व मौसम में देश की सीमा की रक्षा करने वाले इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस के जवानों की तारीफ की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- 'कठिन परिस्थितियों में भी सरहद की रक्षा और सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले आईटीबीपी के जवानों पर देश को गर्व है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के माध्यम से ITBP सीमा क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति भी दे रहा है।' दरअसल शुक्रवार को गढ़वाल से भाजपा सांसद ने आईटीबीपी के जवानों के साथ दिन व्यतीत किया था। सांसद बलूनी ने उन्हें 'हिमवीर' कहा, जो सबसे चुनौतीपूर्ण मौसम और ठंडे तापमान में सीमाओं पर देश की रक्षा के लिए तैनात हैं। अनिल बलूनी ने कहा कि सभी देशवासियों को जवानों पर गर्व होना चाहिए, क्योंकि वह देश की सीमा की रक्षा करते हैं और हमेशा अपने दिल में मातृभूमि की सेवा का जज्बा और देशभक्ति जिंदा रखते हैं।

### जवानों को किया सलाम

सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर



उन्होंने लिखा- 'हिमाद्रि तुंग शृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती, स्वयं प्रभा समुज्ज्वला स्वतंत्रता पुकारती।' अनिल बलूनी ने आगे लिखा, 'विषम से विषम परिस्थितियों में मां भारती की सेवा में तैनात आईटीबीपी के हिमवीरों के साथ एक दिन उनकी दिनचर्या जीने का अवसर मिला। जिन विषम परिस्थितियों में भी हमारे जवान देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं, यह देख हर भारतीय गौरवान्वित महसूस करता है और उनके मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को हमेशा जागृत रखता है। ये जवान देश के सच्चे हीरो हैं।'

---

#### यूरोपीय जलवायु एजेंसी कापरनिकस की रिपोर्ट

# 2024 में 41 दिन ज्यादा पड़ी भीषण गर्मी, जलवायु परिवर्तन से 3,700 लोगों की मौत

एजेंसी, नई दिल्ली

नई दिल्ली। जलवायु परिवर्तन के चलते दुनियाभर में भीषण गर्मी के दिन बढ़ गए हैं। दुनिया में 2024 में भीषण गर्मी के दिनों में औसतन 41 दिनों की वृद्धि हुई है। यही नहीं 2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष बनने जा रहा है। शुक्रवार को एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। यूरोपीय जलवायु एजेंसी कापरनिकस की रिपोर्ट के अनुसार, रिकॉर्ड के हिसाब से 2024 सबसे गर्म वर्ष बनने वाला है। यह पहला वर्ष है, जिसमें वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक होने का अनुमान है। जलवायु विज्ञानियों के दो समूहों वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन (डब्ल्यूडब्ल्यूए) और क्लाइमेट सेंट्रल की वार्षिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में 2024 में भीषण गर्मी के दिनों में औसतन 41 दिन की वृद्धि हुई। गर्मी से छोटे द्वीपीय विकासशील देश सबसे अधिक प्रभावित हुए। यहां के लोगों को 130 से अधिक अतिरिक्त गर्म दिन का अनुभव करना पड़ा। विज्ञानियों ने 2024 में 219 मौसम संबंधी घटनाओं की पहचान की और उनमें से 29 का अध्ययन किया।

### इन देशों में बाढ़ हुई सबसे घातक

विज्ञानियों ने पाया कि जलवायु परिवर्तन के कारण करीब 3,700 लोगों की मौत हुई। मौसम संबंधी 26 घटनाओं के चलते लाखों लोग विस्थापित हुए। रिपोर्ट के अनुसार, सूडान, नाइजीरिया, नाइजर, कैमरून और चाड में बाढ़ सबसे घातक घटना थी। इसमें करीब दो हजार लोग मारे गए। वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन के प्रमुख और इंपीरियल कॉलेज लंदन में जलवायु विज्ञान में सीनियर लेक्चरर डॉ. फ्रेडरिक ओटो ने कहा कि यह वर्ष जीवाश्म ईंधन के गर्म होने के प्रभावों का सबसे स्पष्ट और सबसे विनाशकारी प्रदर्शन रहा है। चरम मौसम ने हजारों लोगों की जान ली। लाखों लोगों को विस्थापित किया और पीड़ा की वजह बना। रिपोर्ट में पता चला है कि मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन ने अध्ययन की गई 29 मौसम घटनाओं में से 26 को तीव्र कर दिया है। इससे रिकॉर्ड तोड़ बाढ़, तूफान और सूखा में इजाफा हुआ है। अध्ययन में कहा गया है कि अगर तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो इसी तरह की बारिश की घटनाएं वार्षिक घटनाएं बन सकती हैं।



---

### अजरबैजान बोला- मिसाइल से विमान गिराया गया

**बाकू/मॉस्को।** कजाखस्तान के अकताऊ शहर में हादसे का शिकार हुए अजरबैजान के विमान को लेकर नया खुलासा हुआ है। अजरबैजान एयरलाइंस ने अपने एक बयान में कहा कि बाहरी भौतिक और तकनीकी हस्तक्षेप की वजह से कजाखस्तान में विमान दुर्घटना हुई है। विमान में कुल 67 लोग सवार थे। इनमें से 38 लोगों की जान जा चुकी है। अजरबैजान एयरलाइंस का एम्ब्रेयर 190 विमान बाकू से रूस के चेचेन्या प्रांत की राजधानी ग्रोज्नी जा रहा था। मगर ग्रोज्नी में कोहरे की वजह से विमान उतर नहीं सका। इसके बाद वह कैस्पियन सागर की तरफ बढ़ा। मगर वह अपना मूल रास्ता भटक चुका था। कुछ ही देर में अकताऊ शहर में सागर के तट पर विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। विमान मे सवार 29 यात्रियों को बचा लिया गया है। जानकारी के मुताबिक विमान दुर्घटना से कुछ समय पहले इलाके में ड्रोन हमले हुए थे।

---

#### पीपीसी शुल्क 60 फीसदी तक घटाया

# चुनाव से पहले दिल्ली के बिजली उपभोक्ताओं को बिल में बड़ी राहत

एजेंसी, फिनलैंड

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कंपनियों से बिल में वसूले जा रहे बिजली खरीद समायोजन शुल्क में 60 % तक की कटौती करने का आदेश दिया है, जो विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। 21 दिसंबर के बाद दिल्ली में आने वाले सभी बिलों में राहत मिलेगी। यह आदेश मार्च 2025 तक पीपीएसी शुल्क में कटौती करेगा। भाजपा ने बिजली के बिल में पीपीएसी के शुल्क को लेकर डीईआरसी में याचिका लगाई थी। पिछले महीने की बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड 35.83 %, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) 37.75 प्रतिशत और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड 37.88 % पीपीसी वसूल रही है, पीपीसी के इस शुल्क को लेकर भाजपा की तरफ डीआरसी में याचिका लगाई थी। भाजपा की याचिका पर डीईआरसी ने पीपीएसी शुल्क को लेकर नया आदेश जारी किया है, जिसके अनुसार अब बीवाईपीएल 13.63 प्रतिशत, बीआरपीएल 18.19 प्रतिशत और टीपीडीडीएल 20.52 प्रतिशत पीपीएसी वसूलेंगे. 21 दिसंबर के बाद दिल्ली में



जो भी बिजली का बिल जारी किया जाएगा, उसमें पीपीएसी शुल्क की नई दरें लागू होंगी। बीवाईपीएल और बीआरपील ने भी अपने क्षेत्रों में नए बिलों में नई दरें लागू की हैं। कुल बिल में 20 से 25 प्रतिशत की कमीः बिजली से जुड़े जानकारों का मानना है कि पीपीएसी शुल्क में राहत से बिजली के बिल पर 20 से 25 प्रतिशत तक की कमी मिलेगी। उदाहरण के लिए, मान लीजिए आप एक महीने में 100 रुपये की बिजली खपत करते हैं, जिस पर 35.83 प्रतिशत पीपीएसी शुल्क लागू होता है, तो आपका कुल बिल 135.86 रुपये होगा। पीपीएसी में कटौती के बाद 100 रुपये पर कुल 18.19 फीसदी का बिल लगेगा, यानी 118.19 फीसदी का बिल। अब इसी बिल पर सरचार्ज, पेंशन सरचार्ज समेत अन्य दरें लगेंगे, इससे आपके कुल बिल में 20 से 25 फीसदी की कमी होगी।

---

### इजरायली सैनिकों ने गाजा में फूंका अस्पताल

**यरुशलम।** इजरायल के सैनिकों ने शुक्रवार को गाजा पट्टी में एक अस्पताल पर हमला किया। स्टाफ और मरीजों को अस्पताल से जबरन बाहर निकाला और फिर उसमें आग लगा दी। इजरायली सेना ने कहा कि हमास अपने एक अड्डे के तौर पर अस्पताल का इस्तेमाल कर रहा था। क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा में संचालित आखिरी अस्पतालों में से एक पर हमला किया गया। अस्पताल से स्टाफ और मरीजों को जबरन बाहर निकाल दिया गया। अस्पताल कर्मियों ने बताया कि पिछले तीन महीने में इजरायली सैनिकों ने हमास के लड़ाकों के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाकर कमाल अदवान अस्पताल पर कई बार हमला किया है। इसके अलावा इजरायली सेना ने गाजा में कई अन्य जगहों पर हमला किया, जिसमें 25 लोग मारे गए। इनमें से 15 लोग अकेले गाजा सिटी में एक घर पर किए गए हमले में मारे गए। इस बीच, इजरायली लड़ाकू विमानों ने हथियारों की तस्करी रोकने के लिए सीरिया-लेबनान सीमा पर सात जगहों पर बमबारी की।

---

# केजरीवाल के खिलाफ भ्रष्टाचार के इन नए सबूतों से पार्टी में मातम

इंडिया गेट से

आम आदमी बनकर लोगों को धोखा दिया और कुर्सी मिलते ही सरकारी खजाने से अपने सपनों का महल बना लिया।



**अजय सेतिया** की कलम से

अरविंद केजरीवाल की मुसीबतें कम नहीं हो रही। बल्कि जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं। उनके भ्रष्टाचार की लिस्ट लंबी होती जा रही है। उन पर नया आरोप यह है कि उन्होंने शराब के ठेकेदारों और अन्य ठेकेदारों से व्यक्तिगत उपयोग के बहुत महंगे-महंगे गिफ्ट लिए। राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री भी व्यक्तिगत गिफ्ट नहीं ले सकते। सार्वजनिक तौर पर मिले गिफ्ट भी 30 दिन के भीतर तोशाखाने में जमा करवाने होते हैं। तोशाखाना उस गिफ्ट का मूल्यांकन करता है। अगर उपहार की कीमत 5000 रुपए से कम हो तो उसे लौटा दिया जाता है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पांच हजार रुपए मूल्य तक के गिफ्ट अपने पास रख सकते हैं। विदेशी सरकारों से भी इन्हें जो गिफ्ट मिलते हैं, उन्हें भी सरकारी खजाने में जमा करवाना पड़ता है। यही नियम राज्यों के मुख्यमंत्रियों पर भी लागू होता है। अगर कोई किसी खास गिफ्ट को अपने पास रखना चाहे तो वह उसके मूल्यांकन के बाद पांच हजार से ज्यादा की बाकी राशि सरकारी खजाने में जमा करवाकर अपने पास रख सकता है। मोटे तौर पर यही नियम दुनिया भर में अपनाया जाता है। भारत में राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और सभी मुख्यमंत्री भी इस नियम का पालन करते हैं। उपहार में मिली वस्तुओं की समय-समय पर नीलामी की जाती है। अगस्त महीने में राष्ट्रपति भवन ने भी नीलामी की थी। नीलामी से मिले पैसे को जनकल्याण पर खर्च किया जाता है। मनोहरलाल खट्टर ने भी मुख्मंत्री रहते नीलामी करवाई थी। हाल ही में पुष्कर सिंह धामी ने भी नीलामी करवाई है, उससे मिले पैसों का बच्चों के कल्याण पर खर्च किया गया। नरेंद्र मोदी जब मुख्यमंत्री थे तो वह एक रुपए मूल्य की वस्तु भी अपने पास नहीं रखते थे। वह हर साल नीलामी करवाते थे। दूर क्यों जाते हो, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान किस आरोप में जेल में हैं। उन्होंने सरकारी उपहारों को बेच कर पैसा अपनी जेब में रख लिया था। अदालत ने उन्हें तीन साल की सजा सुनाई है। लेकिन, अरविंद केजरीवाल ने शराब के ठेकेदारों से व्यक्तिगत उपयोग के महंगे-महंगे उपहार लिए। बल्कि, ठेकेदारों को बताया गया कि मुख्यमंत्री को यह चीज चाहिए। यानि वे उपहार नही थे, रिश्वत थी, जो काम के बदले मांगी गई थी। वे सभी उपहार अरविंद केजरीवाल के शीशमहल में पाए गए हैं, जिनका सरकार के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है। केजरीवाल कहते थे कि उनके घर छापे में या सिसोदिया या संजय सिंह के घरों में छापे में भी धेला नहीं मिला। लेकिन, अब खुद केजरीवाल के घर से करोड़ों रुपए का अवैध सामान मिल गया है, जो उनके भ्रष्टाचार का नया सबूत है। असल में जब पीडब्ल्यूडी ने आतिशी मार्लेना से चाबी लेकर सामान की सूची बनाई थी और उसका पीडब्ल्यूडी की तरफ से दिए गए सामान से मिलान किया गया था तो उसमें करोड़ों रुपए का ऐसा सामान पाया गया था, जो पीडब्ल्यूडी ने मुख्यमंत्री आवास को प्रोवाइड नहीं किया था। पीडब्ल्यूडी ने कुछ-कुछ जानकारियां लीक तो की थी, लेकिन भ्रष्ट अफसरों ने करोड़ों रुपए के उस फालतू सामान पर चुप्पी साध ली थी। अब उपराज्यपाल ने विजिलेंस को आदेश दिया है कि वह पांच दिन में जांच करके रिपोर्ट सौंपे। भ्रष्टाचार के सबूतों की इस नई जांच से केजरीवाल ने तो चुप्पी साध ही ली है। वह तो शीशमहल पर एक शब्द नहीं बोलते, क्योंकि उनके पास कहने को कुछ है ही नहीं। आम आदमी बनकर लोगों को धोखा दिया और कुर्सी मिलते ही सरकारी खजाने से अपने सपनों का महल बना लिया। आम आदमी पार्टी के उनके लग्गुओं भग्गुओं को जवाब देना पड़ता है। पहली बात तो यह है कि दिल्ली के पत्रकार सवाल पूछते नहीं, क्योंकि केजरीवाल और भगवंत मान ने सरकारी विज्ञापनों से उनके संस्थानों का मुंह बंद कर रखा है। ज्यादातर पत्रकारों के भी मुंह बंद हैं, फिर भी कोई पूछ ले तो जवाब होता है कि भाजपा के पास मुख्यमंत्री का चेहरा ही नहीं है, वह हार रही है, इसलिए इस तरह के आरोप लगा रही है। वैसे तो फाइव स्टार होटल की सुविधाओं को देख कर यह बात सबके सामने आ गई थी, क्योंकि पीडब्लूडी एक सीमा तक ही खर्च कर सकती है। पिछले दिनों शीशमहल का वीडियो लीक हो गया था तो उसमें कम से कम एक करोड़ रुपए का तो जिम का सामान ही दिखा था। ड्राइंग रूम में लगा फानूस भी एक करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत का है, जो पीडब्ल्यूडी ने नहीं लगाया। यह सब रिश्वत का माल है। लेकिन, शायद सबकी आखों से ओझल हो गया। विधानसभा में विपक्ष के नेता विजयेन्द्र गुप्ता ने इस सामान की जांच करवाने की मांग की तो उपराज्यपाल ने जांच के आदेश दे दिए हैं। अब फिर से केजरीवाल की गिरफ्तारी का रास्ता खुलेगा। क्योंकि, पीडब्ल्यूडी सूची देगी। फिर केजरीवाल को नोटिस देकर उनसे पूछा जाएगा कि वह सब सामान क्या उन्होंने खरीदा है। अगर उन्होंने खरीदा है तो रसीदें दिखाओ। आयकर विभाग में यही रूल होता है। केजरीवाल खुद जब आयकर विभाग में आयुक्त थे तो ऐसे ही मुर्गियां फंसाते थे। अगर उन्होंने नहीं खरीदा तो उन्हें बताना पड़ेगा कि उन्हें किसने दिया। वैसे खरीददार के नाम तो उन डीलरों से ही मिल जाएंगे, जहां से यह सामान सप्लाई हुआ होगा। फिर मिलान होगा कि जिसने महंगे गिफ्ट रिश्वत के तौर पर दिए, उसे केजरीवाल ने क्या फायदा पहुंचाया था। केजरीवाल के खिलाफ रिश्वत की अब कई एफआईआर दाखिल होंगी, इसलिए आम आदमी पार्टी में मातम छाया है कि अब क्या होगा। ईमानदारी की तो सारी पोल खुल रही है। केजरीवाल बहुत शातिर है, इसी लिए उन्होंने पीडब्ल्यूडी को चाबी नहीं दी थी। लेकिन, चोर कितना भी शातिर हो कोई न कोई सबूत छोड़ ही जाता है।

---

#### समुद्र के नीचे बिजली की आपूर्ति करने वाली केबल को काटने का आरोप

# फिनलैंड ने कब्जे में लिया रूसी जहाज

एजेंसी, फिनलैंड

फिनलैंड के अधिकारियों ने गुरुवार को एक तेल टैंकर को कब्जे में लिया। आरोप है कि इस तेल टैंकर ने समुद्र के नीचे की महत्वपूर्ण केबलों को नुकसान पहुंचाया है। यह रूस का हो सकता है। यह तेल टैंकर उस शैडो बेडे.का हिस्सा हो सकता है, जिसे पश्चिम देशों के प्रतिबंधों से बचने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। फिनलैंड की पुलिस ने एक बयान में पुष्टि की कि उन्होंने ईगल एस नामक टैंकर को अपने जलक्षेत्र में पकड़ लिया। यह जहाज रूस के सेंट पीटर्सबर्ग से मिस्र के पोर्ट सईद जा रहा था। बयान में बताया गया है कि कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या यह जहाज बुधवार को हुई उस घटना में शामिल था, जिसमें फिनलैंड और एस्तोनिया के बीच समुद्री के नीचे बिजली की आपूर्ति करने वाली 'एस्टलिंक-2' केबल को काट दिया गया था। इस घटना के बाद फिनलैंड की प्रधानमंत्री ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया था कि एस्टलिंक 2 विद्युत संचार संपर्क आज दोपहर टूट गया है।




### विद्युत केबल की मरम्मत और जांच

एस्टलिंक-2 के जरिए फिनलैंड और एस्तोनिया के बीच होने वाला विद्युत संचार संपर्क बुधवार को टूट गया था। इसकी मरम्मत और जांच फिनलैंड और एस्तोनिया के ट्रांसमिशन सिस्टम ऑपरेटर 'एलरिंग' और अन्य अधिकारियों ने मिलकर की। गुरुवार को फिनलैंड की ट्रांसमिशन ग्रिड कंपनी फिनग्रिड ने एक बयान में पुष्टि की कि समस्या समुद्र के नीचे केबल में थी।

### किम जोंग को भारी पड़ी पुतिन की मदद

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से उत्तर कोरिया के लिए बुरी खबर आई है। यूक्रेन ने उत्तर कोरिया के एक सैनिक को पकड़ लिया है। किम जोंग ने रूस की मदद के लिए अपने सैनिक भेजे हैं। अब किम जोंग के लिए अपने सैनिक को सुरक्षित बाहर ला पाना बेहद मुश्किल होगा। योनहाप समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि यूक्रेन की स्पेशल फोर्स ने एक घायल उत्तर कोरियाई सैनिक को पकड़ा है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की। रूस-यूक्रेन युद्ध में यह पहली घटना है, जब उत्तर कोरिया का कोई सैनिक यूक्रेन के कब्जे में आया है। कुर्स्क में पकड़ा गया उत्तर कोरियाई सैनिकः दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस की तरफ जारी बयान में कहा गया एक मित्र राष्ट्र के खुफिया संगठन के साथ बातचीत में हमें पता चला है कि एक घायल उत्तर कोरियाई सैनिक पकड़ा गया है।

---

#### संभल हिंसा : जनता को उकसाने का आरोप

# कश्मीर घाटी के मैदानी इलाकों में मौसम की पहली बर्फबारी, ठंड बढ़ी

एजेंसी, श्रीनगर

श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य मैदानी इलाकों में शुक्रवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई है, जिससे लंबे समय से चल रहा सूखा खत्म हो गया। डोडा, रामबन और किश्तवाड़ के कुछ हिस्सों से भी बर्फबारी की हुई है, जबकि जम्मू जिले के मैदानी इलाकों में बारिश हो रही है। बर्फबारी के कारण दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले को जम्मू जिले के पुंछ और राजौरी जिले से जोड़ने वाली ऐतिहासिक मुगल रोड, लद्दाख को जोड़ने वाली श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी रोड के अलावा सिंथन-किश्तवाड़ रोड और कोकरनाग-मारवा-वारवान रोड सहित कुछ रणनीतिक सड़कें भी बंद हो गई हैं। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर



में लंबे समय से चल रहे सूखे के बाद मौसम की पहली बर्फबारी हुई है, जिससे पर्यटक काफी खुश हुए हैं। पर्यटक डल झील के किनारे फैशनेबल बुलेवार्ड रोड पर आलीशान हाउसबोट की पृष्ठभूमि में बर्फ के टुकड़ों का आनंद लेते हुए और जीवन भर के लिए यादगार तस्वीरें क्लिक करते हुए देखे गए। शुक्रवार को बिजबिहाडा, शोपियां, कुलगाम, पुलवामा और काजीगुंड के कुछ हिस्सों, बारामुला और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों सहित दक्षिण कश्मीर के कई मैदानी इलाकों में मौसम की पहली बर्फबारी दर्ज की गई। स्वतंत्र मौसम पूर्वानुमानकर्ता फैजान आरिफ ने बताया कि मौजूदा जमीनी अवलोकनों और भविष्य के पूर्वानुमान के आधार पर कुछ ऊंचे इलाकों में महत्वपूर्ण बर्फबारी की उम्मीद है, जिसमें 12 से 18 इंच के बीच बर्फबारी हो सकती है।

### दिल्ली के कुछ हिस्सों में तेज बरसात, चली ठंडी हवा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और सीमावर्ती राज्यों के शहरों में रहने वालों को शुक्रवार सुबह बूंदाबांदी का सामना करना पड़ा। इस दौरान दिल्ली के कई हिस्सों में तेज बरसात हुई है। ठंडी हवा चल रही है। इससे शीतलहर का असर और बढ़ गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटों में उत्तर-पश्चिमी और मध्य भारत में आंधी, ओलावृष्टि और मध्यम वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि सुबह 7 :23 बजे दिल्ली में तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। समूचे महानगर में चल रही ठंडी हवा से मौसम और सर्द हो गया। इन दो दिनों में तापमान में उतार-चढ़ाव और घना कोहरा भी देखने को मिल सकता है। आज अधिकतम तापमान 20 और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

संपादकीय

# मनमोहन हुए मौन

**देश** के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह हमेशा के लिए मौन हो गए। उन्होंने देश के लिए जो कुछ किया, उसे हमेशा याद किया जाएगा। यह उनके काम ही थे कि उनके निधन पर उनके धुर विरोधियों ने भी उनकी जमकर तारीफ की है। वे वामपंथी भी उन्हें शिद्दत से याद कर रहे हैं, जिन्होंने न्यूक्लियर डील पर कह दिया था कि मनमोहन अमेरिका की गोद में बैठ गए हैं। इसी आधार पर वामपंथी पार्टियों ने उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। मनमोहन सिंह ही थे, जिन्होंने खुलेआम यह घोषणा की थी कि नक्सलवाद देश के लिए सबसे बड़ा खतरा है। यह कौन भूल सकता है कि मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री के रहते और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण और देश अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण की शुरुआत करके अरबपति पैदा किए और साथ ही विशाल मध्य वर्ग खड़ा हुआ। उसी मध्यम वर्ग ने उन्हें 2014 में सत्ता से बाहर किया और नरेंद्र मोदी को लाए, जिनकी नीतियों ने उसी मध्यम वर्ग को खतरे में डाल दिया, जो मनमोहन सिंह की आर्थिक नीतियों देन है। सिंह का कार्यकाल कठिनाइयों से मुक्त नहीं था। उनकी सरकार के दौरान टूजी, कॉमन वेल्थ गेम और कोल आवंटन जैसे कथित घोटालों की गूंज पूरे देश में सुनी गई। इसी के आधार 2011 में अन्ना हजारे के नेतृत्व में अरविंद केजरीवाल ने रामलीला मैदान में आंदोलन किया और देश में यह धारणा बनाने में कामयाब रहे कि मनमोहन सिंह सरकार भ्रष्ट है। हालांकि आज वे मामले कहां हैं, किस प्रगति में हैं, कोई नहीं जानता। उनके विरोधियों ने इन मुद्दों पर उनकी कथित चुप्पी के लिए उन्हें 'मौनमोहन' की उपाधि तक दे डाली थी। इन चुनौतियों के बावजूद मनमोहन सिंह ने अपनी गरिमा को बनाए रखा। आलोचनाओं के जवाब में, उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि इतिहास उन्हें समकालीन मीडिया या विपक्षी दलों की तुलना में अधिक दयालुता से आंकेंगे। उनकी नीतियों ने उनके कार्यकाल के दौरान भारत की वृद्धि और समृद्धि के लिए आधार तैयार किया। उनके कम-महत्वाकांक्षी व्यक्तित्व और दृढ़ संकल्प ने भारतीय राजनीति और शासन पर एक अमिट छाप छोड़ी। मनमोहन सिंह एक बार टिप्पणी की थी कि नेता 'पक्षियों का मार्ग' हैं, जिन्हें जिम्मेदारियों सौंपी जाती हैं, उन्हें ईमानदारी और ईमानदारी से निभाया जाना चाहिए। भारत के आर्थिक ढांचे और राजनीतिक परिदृश्य में उनके योगदान को राष्ट्र के विकास के लिए अभिन्न माना जाएगा।

**सिंह का कार्यकाल कठिनाइयों से मुक्त नहीं था। उनकी सरकार के दौरान टूजी, कॉमन वेल्थ गेम और कोल आवंटन जैसे कथित घोटालों की गूंज पूरे देश में सुनी गई।**

पाठकवाणी

### खतरे में इंडिया गठबंधन

इंडिया गठबंधन को विधानसभा के चुनाव में मिली लगातार पराजय के कारण गठबंधन में दरार दिन प्रतिदिन गहरी होती जा रही है। हरियाणा की विधानसभा चुनाव में भी आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ समझौता न होना गठबंधन में दरार होने का बड़ा कारण है। अब दिल्ली के चुनावी दंगल में अंदरूनी कलह अपने चरम पर है। ऐसा प्रतीत होता है कि गठबंधन में चुनावी असफलताओं के कारण घटक दलों का कांग्रेस से मोह भंग हो चुका है। अनिर्णय की स्थिति ने इंडिया गठबंधन को खोखला कर दिया है।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### बैंक का लापरवाह रवैया

देवघर जिला, मधुपुर ग्रामीण अंतर्गत इंडियन बैंक सापर शाखा में मेरे परिवार के सदस्य का अकाउंट है। विगत दिनों पहले उन्होंने बैंक जाकर केवाइसी करवाया, इस क्रम में वहां के कर्मचारियों ने उनका जन्मतिथि गलत डाल दिया। जिस कारण उक्त खाते से किसी भी प्रकार का ट्रांजेक्शन नहीं हो रहा है। जब मैंने बैंकिग कर्मचारियों की लापरवाही के बारे में शाखा प्रबंधक को बताया तो उन्होंने साफ कह दिया कि यहां से इस त्रुटि को सुधारा नहीं जा सकेगा, हैरत की बात यह है कि गलती बैंक वालों की थी। बैंकिंग कर्मचारियों की मनमानी पर रोक लगाना अनिवार्य है।

**-संदीप कुमार**, मधुपुर (झारखंड)

कुछ खास



डॉ. मनमोहन सिंह जैसा सम्मान कम ही लोगों को मिल पाता है। उनकी ईमानदारी हमारे लिए हमेशा प्रेरणा बनी रहेगी। वह हमेशा उन लोगों के बीच खड़े रहेंगे जो वास्तव में इस देश से प्यार करते हैं। व्यक्तिगत हमलों के बावजूद देश की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ रहे।

**-प्रियंका गांधी**, कांग्रेस सांसद

आज का ट्वीट



''प्रवेश वर्मा कह रहे हैं कि हम संस्थान की तरफ से पैसा बांट रहे हैं। जबकि कार्ड पर तस्वीर मोदी जी, अमित शाह व नड्डा जी की है। दिल्ली की जनता सब जानती है।''

**-राम गुप्त**

# संविधान की साख पर सवाल

सामयिक




**शाहीन सबा**

**साढ़े सात दशकों के हमारे संविधान को लेकर इन दिनों भारी उथल-पुथल मची है। एक पक्ष मानता है कि भारत सरीखे बहुलतावादी देश में संविधान ही है जिसने सभी को समानता की बुनियाद पर जोड़कर रखा है। एक और पक्ष है जिसे भारत का संविधान भारतीय ही नहीं लगता। ऐसे में आम नागरिकों को क्या करना, मानना चाहिए?**

भारत की संसद ने दो दिन तक देश के संविधान पर चर्चा की। विपक्षी नेताओं ने कहा कि हमारे संविधान में समाज के कमजोर वर्गों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की भलाई के लिए अनेक प्रावधान हैं, मगर उसके बावजूद ये वर्ग परेशानहाल हैं। मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया गया है। इसके विपरीत, सत्ताधारी भाजपा के नेताओं ने संसद के अन्दर और बाहर कहा कि संवैधानिक मूल्यों पर हमले नेहरु (नफरत फैलाने वाले भाषण पर रोक लगाने के लिए संवैधानिक संशोधन) ने शुरू किये और यह सिलसिला इंदिरा गाँधी (आपातकाल) से होता हुआ राजीव गांधी (शाहबानो) और राहुल गांधी (विधेयक को फाड़ना) तक चला। उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक बुराइयों की जड़ में नेहरु-गांधी परिवार है और उसी ने संविधान को नुकसान पहुंचाया है। भाजपा नेता और हिन्दू राष्ट्रवादी चिन्तक लम्बे समय से कहते आए हैं कि भारत का संविधान पश्चिमी मूल्यों पर आधारित है, उसे औपनिवेशिक ताकतों ने हमारे समाज पर लादा है और वह भारतीय सभ्यता और संस्कृति से मेल नहीं खाता। उनका यह तर्क भी रहा है कि कांग्रेस पार्टी ने मुसलमानों का तुष्टिकरण करने और उनका वोट बैंक बनाने के लिए संविधान का दुरुपयोग किया है।

हम सब जानते हैं कि संविधान उन मूल्यों का प्रतिनिधि है जो स्वाधीनता संग्राम के दौरान उपजे। संविधान तैयार करते समय हमारी सभ्यता की लम्बी परंपरा का भी ख्याल रखा गया। जिन लोगों ने स्वाधीनता आन्दोलन में भाग लिया और जो उसकी विचारधारा में आस्था रखते थे, भारतीय सभ्यता की उनकी समझ, उन लोगों से बहुत भिन्न थी जो औपनिवेशिकता-विरोधी आन्दोलन से दूर बने रहे और ब्रिटिश शासकों के आगे नतमस्तक रहे। जहां आजादी का आंदोलन भारत को समृद्ध विविधताओं वाला एक बहुलतावादी देश मानता था वहीं स्वाधीनता आन्दोलन से दूर रहने वाले उसे हिन्दू सभ्यता मानते थे। ऐसे लोगों को बहुलतावाद पसंद नहीं है और वे मानते हैं कि इसे शिक्षित, आधुनिक नेताओं ने देश पर थोपा है। वे यह भूल जाते हैं कि भारतीय सभ्यता को हिन्दू सभ्यता बताना जैन, बौद्ध, ईसाई, सिक्ख व इस्लाम धर्मों के योगदान को नकारना है।




हिन्दू राष्ट्रवादियों के सबसे प्रिय भगवान राम को देखने के भी अलग-अलग तरीके हैं। कबीर के लिए राम सर्वव्यापी निर्गुण हैं, तो गांधी के लिए राम सभी धर्मों के रक्षक हैं। गांधी कहते थे 'ईश्वर अल्लाह तेरो नाम।' जवाहरलाल नेहरु ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'भारत : एक खोज' में लिखा है कि 'भारत एक प्राचीन स्लेट है, जिस पर कई परतों में अलग-अलग कालों में विचार और भावनाएं दर्ज की गईं, मगर कोई नयी परत, पिछली परतों को न तो पूरी तरह ढँक सकी और न मिटा सकी।' नेहरु बड़े गर्व से सम्राट अशोक के शासनकाल को याद करते हैं, जिन्होंने अपने कई शिलालेखों में वैदिक हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म के साथ एक-समान व्यवहार करने की बात कही है।

संघ परिवार और उसके चिंतक जहां भारत को विशुद्ध ब्राह्मणवादी हिन्दू देश मानते हैं वहीं गाँधी, नेहरु इत्यादि इसे सभी भारतीयों का देश मानते हैं। भारत की 'संविधान सभा' मोटे तौर पर उस धारा का प्रतिनिधित्व करती थी, जो राष्ट्रीय धारा थी, जो वह धारा थी जिसने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। इसके विपरीत, भारत को ब्राह्मणवादी हिन्दू राष्ट्र मानने वाले हाशिये पर थे। दोनों धाराओं का यह अंतर, भारत के संविधान का मसविदा तैयार होने के समय से ही परिलक्षित होने लगा था। अम्बेडकर और नेहरु का यह स्पष्ट मत था कि देश की सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि संविधान के मूल ढांचे से कोई छेड़छाड़ न की जाए और उसे पूरी तरह से लागू किया जाए, मगर 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संविधान की समीक्षा के लिए 'वेंकटचलैया आयोग' का गठन किया। उस समय राष्ट्रपति डॉ. केआर नारायणन ने बहुत सटीक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि 'संविधान के कारण हम नाकाम नहीं हुए हैं, बल्कि हमने संविधान को नाकाम किया है।' मौजूदा दौर में संविधान में कोई बदलाव नहीं किए गए, मगर संघ परिवार के कई सदस्यों ने ऐसा करने की इच्छा और जरुरत जरूर बताई। भाजपा चाहती थी कि उसे लोकसभा में 400 से ज्यादा सीटें हासिल हों, ताकि वह संविधान को बदल सके। देश में नफरत फैलाने वाले भाषण देने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। इसका सबसे ताजा उदाहरण इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव हैं, जिन्होंने 'विश्व हिन्दू परिषद्' के एक कार्यक्रम में कहा कि 'भारत बहुसंख्यकों की मर्जी के अनुसार चलेगा।'

जस्टिस यादव ने 'समान नागरिक संहिता : एक संवैधानिक आवश्यकता' विषय पर बोलते हुए कहा, 'केवल वही स्वीकार किया जाएगा जो बहुसंख्यकों की भलाई और प्रसन्नता के लिए फायदेमंद हो।' इससे भी ज्यादा बुरी बात यह है कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यादव के कथन का समर्थन किया। यह अच्छा है कि सुप्रीम कोर्ट ने यादव के सांप्रदायिक और नफरत फैलाने वाले भाषण का संज्ञान लिया है, मगर आदित्यनाथ के यादव को समर्थन का कौन संज्ञान लेगा? वर्तमान स्थितियों पर एक सटीक टिप्पणी मुंम्बई के ख्यात वकील अस्पि चिनॉय ने की। उन्होंने कहा, 'भाजपा केंद्र की सत्ता में है और उसके पास संसद में पूर्ण बहुमत है, मगर उसे भारत और उसके संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को कानूनी तौर पर बदलने की कोई जरुरत महसूस नहीं हो रही। वह कानूनी तौर पर भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बदले बिना ही उसके धर्मनिरपेक्ष संविधान को कमजोर करने और हिंदुत्व पर आधारित राजकाज कायम करने में कामयाब रही है।'

भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ के सांप्रदायिक चरित्र का खुलासा उस समय ही हो गया था जब संविधान का मसविदा जारी किया गया था। इसके कुछ दिन बाद, आरएसएस के गैर-आधिकारिक मुखपत्र 'आगेर्नाइजर' ने 30 नवम्बर 1949 के अपने अंक में लिखा था, 'भारत के नए संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि उसमें कुछ भी भारतीय नहीं है....भारत के प्राचीन संवैधानिक कानूनों, नामकरणों और भाषा का इसमें नामोनिशां तक नहीं है।' मतलब यह कि भारत के संविधान के निमार्ताओं ने 'मनुस्मृति' को नजरअंदाज किया!

लोकसभा में संविधान पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति के पितामह वीडी सावरकर को उद्दत करते हुए कहा, 'भारत के नए संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि उसमें कुछ भी भारतीय नहीं है। हमारे हिन्दू राष्ट्र में वेदों के बाद 'मनुस्मृति' सबसे पूजनीय ग्रन्थ है, जो प्राचीन काल से हमारी संस्कृति, रीति-रिवाजों, विचारों और आचरण का आधार रही है।' सावरकर का कहना था कि 'मनुमृति' ही हमारे देश का कानून है। अगर हम संविधान की मसविदा समिति के मुखिया डॉ अम्बेडकर और आरएसएस के एक सरसंघचालक के. सुदर्शन की तुलना करें तो पूरी बात समझ में आ जाएगी। अम्बेडकर ने 'मनुस्मृति' का दहन किया था और आरएसएस के मुखिया ने भारत के संविधान को पश्चिमी मूल्यों से प्रेरित बताते हुए कहा था कि हमें 'मनुस्मृति' पर आधारित भारत का संविधान बनाना है।

# केंद्रीय बजट 1 फरवरी 2025 - टैक्स सुधार कौशलता विकास, कृषि उत्पादकता रोजगार सृजन व युवा गुणवत्ता सुधार सेक्टरों पर फोकस की संभावना

## वैश्विक अनिश्चितता के बीच विजन 2047 के लिए विकास की गति को बनाए रखना बजट 2025-26 में चुनौती पूर्ण

### बजट 2025 में कौशलता, एंप्लॉयमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट टैक्स सुधार के माध्यम से लोगों के हाथ में पैसा आए जैसे सुधारो पर फोकस की संभावना- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**





**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र में पूर्व पीएम का शनिवार दिनांक 28 दिसंबर 2024 को अंतिम संस्कार हुआ व देश 7 दिनों के राष्ट्रीय शोक में है इस बीच वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के विकसित देशों की गंभीरता से पैनी नजर भारत के विजन 2047 पर लगी हुई है, क्योंकि यह विजन भारत की विकसित भारत की गाथा में मील का पत्थर साबित होगा, जिसकी नीव प्रतिवर्ष बनने वाले बजट ही हैं, क्योंकि बजट में ही तय होता है कि देश की आर्थिक गाड़ी की पटरी कैसी होगी पैसेंजर, मेल, एक्सप्रेस, सुपरफास्ट या फिर वंदे भारत। बजट को लेकर 24 दिसंबर 2024 को माननीय पीएम की अर्थशास्त्रियों के साथ एक विशेष बैठक कर उनके विचार भी जान लिए हैं, इसलिए भारत सहित पूरी दुनियाँ की 1 फरवरी 2025 को घोषित होने वाले बजट 2025-26 पर लगी हुई है, जिसमें करीब करीब 11छेत्रो में चर्चा व सुझाव के लिए माननीय वित्तमंत्री लगातार बैठके कर रही है जो अंतिम चरण में है, उसके बाद आम जनता से सुझाव के लिए भी नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा, फिर बजट को लिखने की प्रक्रिया शुरू होगी। जनवरी 2025 के अंतिम सप्ताह में तो बजट बनाने वाले मुख्यस्टाफ का नाता दुनियाँ से कट जाता है यहां तक कि मोबाइल भी उन्हें अल्लोव नहीं रहती, इतनी सिक्योरिटी के साथ बजट कार्य हर साल होता है, इस वर्ष भी इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है,स्वाभाविक रूप से कार्य संभावनाओं का बाजार भी गर्म हो चुका है इसपरगंभीरता से मैंनें विश्लेषण किया हूं और कुछ संभावना का पैनल बनाया हूं (1) आयकर अधिनियम की धारा 80 सी जिसकी अभीछूट 1.50 लाख है उसे अब 2.0 लाख करने की संभावना (2) हेल्थ बीमा 80 डी में अभी हेल्थ इंश्योरेंस 25 हजार की छूट होती है व सीनियर सिटीजन को 50 हजार की छूट होती है जिसे बढ़ाकर अभी दुगना किया जा सकता है। (3) होम लोन पर अभी 2024 में ब्याज की टैक्स छूट है 2 लाखहै जिसे 3 लाख किए जाने की संभावना है। (4) सीनियर सिटीजन की आयकर टैक्स छूट सीमा धारा 80 टीटीबी धारा 80 डीडीबी 80 डी सहित पेंशन कटौती व आयकर स्लैब में वृद्धि मिलसकती है, चूँकि वैश्विक अनिश्चित के बीच विजन 2047 के लिए विकास की गति को बनाए रखना बजट 2025-26 में एक चुनौती पुणे कार्य है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, केंद्रीय बजट 1 फरवरी 2025 में टैक्स सुधार कौशलताविकास कृषि उत्पादकता,रोजगार सृजन व युवा गुणवत्ता सुधार सेक्टरों पर फोकस संभावना। साथियों बात अगर हम बजट 2025 में टैक्स सुधारो की करें तो, मीडिल क्लास टैक्सपेयर्स को सरकार से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, ऐसी खबरें हैं कि सरकार इस बजट में 10.5 लाख रुपये तक के सालाना वेतन पर टैक्स की देनदारी कम कर सकती है।1 फरवरी 2025को पेश होने वाले आगामी बजट में इसकी घोषणा की जा सकती है इस प्रस्ताव का उद्देश्य धीमी होती अर्थव्यवस्था और बढ़ती महंगाई के बीच खपत को बढ़ावा देना है वर्तमान में 3 लाख रुपये से 10.5 लाख रुपये तक की आय पर 5 फीसदी से 20 फीसदी टैक्स लगता है, जबकि 10.5 लाख रुपये से अधिक की आय पर 30 फीसदी की दर से टैक्स लगता है।2 व्यवस्थाओं में से चुनने का विकल्प पुरानी व्यवस्था- जिसमें घर का किराया और बीमा जैसी छूट शामिल हैं.नई व्यवस्था (2020)- जिसमें कम कर दरें हैं लेकिन अधिकांश छूट हटा दी गई हैं,प्रस्तावित कटौती के माध्यम से सरकार अधिक लोगों को 2020 की स्ट्रक्चर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने अभी तक किसी भी कटौती के साइज पर निर्णय नहीं लिया है,यह निर्णय 1 फरवरी के करीब लिया जाएगा। भारत को अधिकांश इनकम टैक्स कम से कम 10 लाख रुपये कमाने वाले लोगों से प्राप्त होता है, जिस पर ओल्ड टैक्स रिजीम के तहत 20 प्रतिशत टैक्स लगता है, रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार मिडिल क्लास के राजनीतिक दबाव में है, जो हाई टैक्स के बोझ तले दबा हुआ है। यह असंतोष वेतन वृद्धि के कारण और भी बढ़ गया है, जो महंगाई के साथ तालमेल नहीं रख पा रही है, जिससे घरेलू बजट पर और भी दबाव पड़ रहा है,रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकार 15 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले व्यक्तियों के लिए आयकर दरों को कम करने पर विचार कर रही है. यह कदम मध्यम वर्ग को सीधे लाभ पहुंचा सकता है, जो बढ़ती जीवनयापन की लागत से जूझ रहा है. कर कटौती से करदाताओं के हाथों में अधिक पैसा आएगा, जो खपत और बचत को बढ़ावा देगा सरकार केंद्रीय बजट में मिडल क्लास को बड़ी राहत दे सकती है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, यह राहत इनकम टैक्स में बदलाव के रूप में हो सकती है। बजट 1 फरवरी को पेश होगा। इसके लिए जरूरी तैयारियां शुरू हो गई हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी अलग-अलग क्षेत्र के प्रतिनिधियों और एक्सपर्ट से मुलाकात कर चुकी हैं।बजट 2025 की तैयारियों के बीच, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर मिडिल क्लास के लिए आयकर दरों को कम करने का दबाव बढ़ रहा है. बढ़ती मुद्रास्फीति और कमजोर खपत के कारण मध्यम वर्ग पर आर्थिक दबाव काफी बढ़ गया है. ऐसे में, कर राहत मध्यम वर्ग के लिए एक बड़ी राहत बन सकती है और अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में सहायक हो सकती है। साथियों बातअगर हम बजट 2025 में आर्थिक राजनीतिक संदर्भ की करें तो,रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई- सितंबर 2024 में भारत की जीडीपी वृद्धि सात तिमाहियों में सबसे कमजोर रही, साथ ही खाद्य महंगाई ने शहरी परिवारों की आय पर दबाव बढ़ा दिया है, जिससे वाहनों, घरेलू सामान और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों की मांग प्रभावित हुई है. विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो उपभोक्ताओं के पास ज्यादा खर्च करने लायक आय होगी, जिससे भारत की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ सकती है.सरकार का रुखसूत्रों के अनुसार टैक्स कटौती के आकार और अन्य विवरणों को अंतिम रूप देने का फैसला बजट की तारीख के करीब लिया जाएगा. हालांकि वित्त मंत्रालय ने अभी तक इस प्रस्ताव या राजस्व पर इसके प्रभाव के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है. माना जा रहा है कि सरकार को होने वाले राजस्व के नुकसान की भरपाई नए शासन में ज्यादा लोगों के शामिल होने से हो जाएगी उम्मीदें अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो लाखों टैक्सपेयर को राहत मिलेगी, इस कदम से न सिर्फ आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि सरकार का टैक्स स्ट्रक्चर अपनाने का उद्देश्य भी पूरा होगा।भारत में मुद्रास्फीति ने लोगों की क्रय शक्ति को प्रभावित किया है, दैनिक उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की बढ़ती कीमतों ने मध्यम वर्ग के घरेलू बजट पर दबाव डाला है, परिणामस्वरूप, कारों, उपकरणों और व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुओं जैसे उत्पादों की खपत में गिरावट आई है. भारतीय रिजर्व बैंक ने भी चेतावनी दी है कि मुद्रास्फीति पर काबू पाना आर्थिक स्थिरता और विकास के लिए आवश्यक है। साथियों बात अगर हम हितधारकों द्वारा बजट 2025 से उम्मीद की करें तो बजट-पूर्व परामर्श में विभिन्न हितधारकों ने आयकर सुधार, रोजगार सृजन, और निर्यात बढ़ाने पर जोर दिया है। उद्योग निकायों ने पूंजीगत लाभ कर प्रणाली को सरल बनाने, विवाद समाधान तंत्र लागू करने, और जीएसटी में सुधार की सिफारिश की है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत में अर्थशास्त्रियों ने शिक्षा और कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया है,सरकार की चुनौतीहालांकि कर कटौती से खपत को प्रोत्साहन मिलेगा, यह सरकारी राजस्व को प्रभावित कर सकता है, ऐसे में, वित्त मंत्री को राजकोषीय विवेक और आर्थिक पुनरुद्धार के बीच संतुलन बनाना होगा. मध्यम वर्ग को राहत देने के उद्देश्य से आयकर दरों में संभावित कटौती भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता हैबजट 2025 से सभी को उम्मीद है कि यह आर्थिक चुनौतियों को संबोधित करेगा और आम आदमी की आकांक्षाओं को पूरा करेगा।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

तीखी नजर

# बीती ताहि बिसारने के दिन



सुधाकर आशावादी

जिंदगी में सदा मीठी बातें करो, कड़वी बातों में जीना है किस काम का, प्रवचन सुनने में अच्छा लगता है, मगर क्या आज के दौर में ऐसा संभव है। सर्वविदित है कि समय गति का परिचायक है, परिवर्तन का परिचायक है। जिसने भी घड़ी का आविष्कार किया होगा, उसका उद्देश्य यही रहा होगा, कि लोग समय के साथ समायोजन करने में समर्थ हों। सेकिंड से मिनिट और मिनिट से घंटों की अवधि तय करते हुए दिन, सप्ताह, महीने साल सफर नए वर्ष में कब परिवर्तित हो जाता है और कब नया वर्ष बीते साल में बदलकर अतीत बन जाता है, इसका पता किसी समृद्ध व्यक्ति को नहीं चलता, अलबत्ता धन और सुविधाओं के अभाव वाले व्यक्ति को अवश्य ही समय का ज्ञान रहता है, कि जिसे आंख खुलते ही अपना पेट भरने के लिए भटकना पड़ता है। वह अपने आप को बार बार अच्छे दिन आने की दिलासा देकर समझाता रहता है कि सब्र कर, अपने भी अच्छे दिन आएंगे।

एक समय था कि जब हैप्पी न्यू ईयर का बड़ा क्रेज हुआ करता था, विदेशों से नए साल का जश्न मनाएं जाने की शुरुआत होती थी, आतिशबाजी के अलग नजारे हुए करते थे, भारत तक आते आते न्यू ईयर का क्रेज कुछ कम हो जाया करता था। उस दौर में हर जेब में मोबाइल अपना स्थान नहीं बना पाया था। चिट्ठी पत्री का दौर था। बाजार में ग्रीटिंग कार्ड से दुकाने सज जाया करती थी। विशिष्ट संदेश लिखे ग्रीटिंग कार्ड आकर्षण का केंद्र हुआ करते थे। संदेशों का आदान प्रदान डाकघरों के माध्यम से हुआ करता था। पोस्टमैन की भूमिका सर्वाधिक हुआ करती थी। घर परिवारों में पोस्टमैन की प्रतीक्षा अधिक की जाती थी। पोस्टमैन को देखते ही परिवारों में विशेष संदेश की उम्मीद जाग जाया करती थी। नया वर्ष अब भी आता है, मगर कुछ नयेपन का एहसास नहीं कराता। रोज की तरह भोर का सूरज नए दिन की घोषणा करता है और धीरे धीरे पुराने ढर्रे पर जिंदगी चल पड़ती है।

जिंदगी में नयेपन की तलाश चलती रहती है। जिसे देखो, वही बीती ताहि बिसारि के आगे की सुधि लेना चाहता है, मगर आगे की सुधि तो तभी अच्छी तरह से ली जा सकती है, जब पिछले दायित्वों को पूर्ण किया जा चुका हो। यह कहने भर तक ही सीमित रहता है कि छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी, नए दौर में लिखेंगे, सब मिलकर नई कहानी। क्या हम कल की बातें छोड़ने के लिए तैयार हैं? नया साल तो हर बरस आता है, यह कुम्भ का मेला नहीं हो बारह बरस में एक बार आए। सवाल यह है कि क्या हम नयेपन के लिए उन सभी पूर्वाग्रहों को त्यागने के लिए तैयार हैं, जिनके अंतर्गत हम रंगभेद, जाति भेद, किसी धर्म के आस्था भेद के भेदभाव से मुक्त होकर मानवता के सुर में सुर मिलाने के लिए तैयार हों? नया साल आंखों में सतरंगी सपने बुनता ही है, मगर यह सवाल हर बरस दिमाग में कौंधता रहता है कि आधुनिक व्यवस्था में जब व्यवस्था सड़ी गली और पुरानी ही रहती है, सिर्फ सत्ता बदलती रहती है, के दौर में क्या हम बीती ताहि बिसारने की स्थिति में कभी होते हैं?

# स्मिथ ने जड़ा शतक, ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर कसा शिकंजा

## चौथे टेस्ट मैच का दूसरा दिन : जसप्रीत बुमराह ने झटके चार विकेट, भारत ने कंगारुओं को पहली पारी में 474 रन पर रोका



अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल।

● मेलबर्न,

**ऑस्ट्रेलियाई** गेंदबाज पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड (दो-दो विकेट) ने चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के आखिरी सत्र में भारत के 164 के स्कोर पर पांच विकेट गिरा कर भारतीय टीम का संकट बढ़ा दिया हैं। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऋषभ पंत (नाबाद 06) और जडेजा (नाबाद 04) रन बनाकर क्रीज पर थे।

इससे पहले स्टीव स्मिथ (140) की शतकीय, उस्मान ख्वाजा (57), सैम कॉन्स्टास (60), मार्नस लाबुशेन (72) और कप्तान पैट कमिंस (49) रनों की पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 474 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया ने यहां के गुरुवार के छह विकेट पर 311 रन से आगे खेलना शुरु किया। रवींद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (49) को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। जडेजा ने इसके बाद मिचेल स्टार्क (15) को भी अपना शिकार बना लिया। स्टीव स्मिथ को आकाश दीप ने बोल्ड आउट किया। स्मिथ ने 197 गेंदों में 140 रनों की पारी खेली। नाथन लायन (13) को बुमराह ने पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी का 474 के स्कोर पर अंत कर दिया था। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिए। रवींद्र जडेजा को तीन विकेट मिले। आकाश दीप ने दो और वॉशिंगटन सुंदर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र आठ रन पर कप्तान रोहित शर्मा (03) का विकेट गवां दिया। रोहित को पैट कमिंस ने आउट किया। इसके बाद चायकाल से ठीक पहले कमिंस ने केएल राहुल (24) को आउटकर भारत को दूसरा झटका दिया। इसके बाद विराट कोहली ने यशस्वी जायसवाल के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 102 रनों की साझेदारी हुई। शतक की ओर बढ़ रहे यशस्वी 41वें ओवर में रन आउट हो गए। यशस्वी ने 118 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए (82) रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में स्कॉट बोलैंड ने विराट कोहली (36) को आउट कर भारत को चौथा झटका दिया। इसके बाद बोलैंड ने आकाश दीप (00) को भी अपना शिकार बना लिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने पांच विकेट पर 164 रन बना लिए है और पंत (नाबाद 06) और जडेजा (नाबाद 04) रन बनाकर क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दो- दो विकेट लिए।



भारत के खिलाफ शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकारते ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैम कॉन्स्टास पगबाधा बो जडेजा | 60 | 65 | 6 | 2 |
| ख्वाजा का राहुल बो बुमराह | 57 | 121 | 6 | 0 |
| लाबुशेन का कोहली बो सुंदर | 72 | 145 | 7 | 0 |
| स्टीव स्मिथ बो आकाश दीप | 140 | 197 | 13 | 3 |
| ट्रैविस हेड बो बुमराह | 00 | 7 | 0 | 0 |
| मिचेल मार्श का पंत बो बुमराह | 04 | 13 | 1 | 0 |
| कैरी का पंत बो आकाश दीप | 31 | 41 | 0 | 1 |
| पैट कमिंस का नीतीश बो जडेजा | 49 | 63 | 7 | 0 |
| मिचेल स्टार्क बो जडेजा | 15 | 36 | 0 | 1 |
| नाथन लायन पगबाधा बो बुमराह | 13 | 18 | 1 | 0 |
| स्कॉट बोलैंड नाबाद | 06 | 36 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 27 रन

कुल: 122 .4 ओवर में 474 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-89, 2-154, 3-237, 4-240, 5-246, 6-299, 7-411, 8-455, 9-455, 10-474

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 28 .4 | 9 | 99 | 4 |
| मोहम्मद सिराज | 23 | 3 | 122 | 0 |
| आकाश दीप | 26 | 8 | 94 | 2 |
| रवींद्र जडेजा | 23 | 4 | 78 | 3 |
| नीतीश कुमार रेड्डी | 7 | 0 | 21 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 15 | 2 | 49 | 1 |

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल रन आउट | 82 | 118 | 11 | 1 |
| रोहित का बोलैंड बो कमिंस | 03 | 5 | 0 | 0 |
| के एल राहुल बो कमिंस | 24 | 42 | 3 | 0 |
| कोहली का कैरी बो बोलैंड | 36 | 86 | 4 | 0 |
| आकाश का लायन बो बोलैंड | 00 | 13 | 0 | 0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 06 | 7 | 0 | 0 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 04 | 7 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 09 रन

कुल : 46 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन

विकेट पतन: 1-8, 2-51, 3-153, 4-154, 5-159

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 13 | 0 | 48 | 0 |
| पैट कमिंस | 13 | 2 | 57 | 2 |
| स्कॉट बोलैंड | 12 | 4 | 24 | 2 |
| नाथन लायन | 5 | 1 | 18 | 0 |
| मिचेल मार्श | 3 | 0 | 15 | 0 |

## यशस्वी जायसवाल ने एक सीजन में लगाई 11वीं फिफ्टी

यशस्वी जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। जायसवाल ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 41 साल बाद एक साल के अंदर सबसे ज्यादा (11) बार 50 रन से अधिक का स्कोर बनाने में सफल हुए हैं और साल 1979 में जी आर विश्वनाथ और साल 1983 में मोहिंदर अमरनाथ के द्वारा एक साल में 11 बार 50 रन से अधिक का स्कोर करने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। टेस्ट में एक कैलेंडर वर्ष में भारत के लिए सर्वाधिक 50 प्लस स्कोर निम्न प्रकार है।

13 - वीरेंद्र सहवाग, 2010
12 - सचिन तेंदुलकर, 2010
12 - सुनील गावस्कर, 1979
11- यशस्वी जयसवाल, 2024
11 - जीआर विश्वनाथ, 1979
11 - मोहिंदर अमरनाथ, 1983

## मैदान में घुसा फैन विराट कोहली से मिला

**मेलबर्न, वार्ता** : ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के मेलबर्न टेस्ट में मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। भारत पर फॉलोऑन बचाने का खतरा मंडरा रहा है। शुक्रवार को दूसरे दिन स्टंप्स तक भारत ने पहली पारी में 5 विकेट खोकर 164 रन बनाए। टीम अभी भी ऑस्ट्रेलियाई टीम से 310 रन से पीछे है। कंगारू टीम पहली पारी में 474 रन पर ऑलआउट हुई।

मैच के दूसरे दिन भी कुछ इंटरेस्टिंग मोमेंट्स देखने के मिले। जैसे मैच को शुरू हुए अभी एक घंटा भी नहीं हुआ था कि एक फैन मैदान में घुस आया, उसने विराट कोहली के कंधे पर हाथ रखकर बातचीत भी की। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ अजीब तरह से बोल्ड हो गए।

## भारत के खिलाफ स्मिथ के सबसे ज्यादा शतक

● मेलबर्न,

**मेलबर्न** टेस्ट का दूसरा दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। टीम ने स्टीव स्मिथ के शतक की मदद से 474 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। स्टंप्स तक कंगारुओं ने भारत के 164 रन पर 5 विकेट भी गिरा दिए। टीम को अभी भी फॉलोऑन बचाने के लिए 111 रन बनाने पड़ेंगे।

शुक्रवार को रिकॉर्ड की सूची में स्मिथ का नाम चर्चा में रहा। स्मिथ 34वां टेस्ट शतक लगाने वाले तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी है। कप्तान पैट कमिंस ने बीजीटी में सबसे ज्यादा विकेट ले

### कमिंस के बीजीटी में 62 विकेट, 2024 में रोहित 10 बार सिंगल डिजिट में आउट

लिए हैं। स्मिथ 34वां टेस्ट शतक लगाने वाले तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज है। उन्होंने इसके लिए 201 पारियां खेलीं। 34 टेस्ट शतक वाले 11 बल्लेबाजों में से केवल सचिन तेंदुलकर (192 पारी) और रिकी पोंटिंग (193 पारी) ही उनसे आगे हैं। बुमराह ने अपने टेस्ट करियर में अब तक 84 पारियों में गेंदबाजी की है और यह पहली बार था जब तेज गेंदबाज ने एक पारी में 99 रन खर्च किए। इस लिस्ट में इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज माइक हेंड्रिक्स 54 पारियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। रोहित शर्मा एक सीजन में सबसे कम औसत से बल्लेबाजी करने वाली सूची में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने 2024 के 14 टेस्ट में 11.07 की औसत से 155 रन बनाए हैं। पहले नंबर चंदू सरवटे है, जिन्होंने 1947-48 में 10 की औसत से रन बनाए थे। स्मिथ ऑस्ट्रेलिया के लिए 34 सेंचुरी के साथ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली सूची में दूसरे स्थान पर है। पहले नंबर पर 41 शतक के साथ रिकी पोंटिंग है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में स्टीवन स्मिथ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनके इस ट्रॉफी में अब तक 10 शतक हो गए हैं।

## सार संक्षेप

### जिम्बाब्वे ने 95 पर दो विकेट झटक कर अफगानिस्तान पर बनाया दबाव

**बुलावायो** : शॉन विलियम्स (154), कप्तान क्रेग एर्विन (104) और ब्रायन बेनेट (नाबाद 110) रनों की शतकीय पारियों की बदौलत जिम्बाब्वे ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को 586 रनों विशाल स्कोर बनाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान के 95 रन पर दो विकेट झटक कर मैच पर दबाव बना लिया हैं। जिम्बाब्वे के 586 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने सेदिकुल्लाह अटल (03) का विकेट गवां दिया। उन्हें ट्रेवर ग्वांडू ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए रहमत शाह ने अब्दुल मलिक के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। 64 के स्कोर पर ब्लेसिंग मुजारबानी ने अब्दुल मलिक को आउटकर जिम्बाब्वे को दूसरी सफलता दिलाई। मलिक ने 55 गेंदों में (23) रनों की पारी खेली। अब कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी की पारी थी उन्होंने रहमत शाह के साथ मोर्चा संभाला। दिन का खेल समाप्त होने के समय अफगानिस्तान ने 30 ओवर में दो विकेट पर 95 रन बना लिए थे और हशमतउल्लाह शहीदी (नाबाद 16) और रहमत शाह (नाबाद 49) क्रीज पर मौजूद थे। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजारबानी और ट्रेवर ग्वांडू ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को चार विकेट पर 363 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में 20 रन और जुड़े थे कि नवीद जदरान शॉन विलियम्स को आउटकर पवेलियन भेज दिया। विलियम्स ने 174 गेंदों में (154) रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए ब्रायन बेनेट ने कप्तान एर्विन का बखूबी साथ निभाया। इसी दौरान एर्विन ने अपना शतक पूरा किया। 465 के स्कोर पर जिया उर रहमान ने एर्विन (104) को आउट किया। न्यूमैन न्यामहुरी (26), ब्लेसिंग मुजराबानी (19) और ट्रेवर ग्वांडू (तीन) रन बनाकर आउट हुए। जिम्बाब्वे ने 135.2 ओवर में 586 रनों का स्कोर खड़ा किया। ब्रायन बेनेट 124 गेंदों में (110) रन बनाकर नाबाद रहे।

### सरकार की दो टूक याचिकाकर्ता पर पड़ी भारी, याचिका ली वापस

नैनीताल : उत्तराखंड सरकार ने शुक्रवार को दो टूक कहा कि उत्तराखंड जयपुर में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की सीनियर वालीबाल (महिला-पुरूष) प्रतियोगिता में भाग नहीं लेगा। सरकार और कोर्ट के रुख को देखते हुए याचिकाकर्ता ने याचिका को वापस ले लिया। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की पीठ में वालीबाल खिलाड़ी प्रशांत सिंह की याचिका पर सुनवाई हुई। खेल सचिव अमित सिन्हा और अतिरिक्त निदेशक अजय अग्रवाल कोर्ट में वर्चुअल पेश हुए। उन्होंने अदालत को साफ साफ बताया कि उत्तराखंड में अगले महीने नेशनल गेम्स होने प्रस्तावित हैं। इसलिए उत्तराखंड की टीम जयपुर में सात जनवरी से 13 जनवरी, 2025 के मध्य होने वाली राष्ट्रीय सीनियर वालीबाल चैंपियनशिप में भाग नहीं लेगी। इसलिए देहरादून में 16 दिसंबर से होने वाले ट्रायल पर रोक लगा दी गई है। इसके बाद अदालत ने सरकार की बात से सहमत होते हुए याचिकाकर्ता के तर्कों को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने मौका भांपते हुए याचिका को वापस लेने की गुहार लगाई। जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

## राष्ट्रीय वोवीनाम चैंपियनशिप में यू पी ने दिखाया दम




**लोकतंत्र की शान/ कौशल रस्तोगी**

**राजस्थान।** 13 वी राष्ट्रीय वोवीनाम चैंपियनशिप का आयोजन भवानी निकेतन महाविद्यालय राजस्थान जयपुर में 26 से 29 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है ! वोवीनाम असोसिएशन आफ इंडिया के टेक्निकल सेक्रेटरी एवं टीम कोच प्रमोद तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे भारत के 16 राज्यों से करीब 380 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया । जिसमें प्रतियोगिता के प्रथम दिन उत्तर प्रदेश वोवीनाम के खिलाड़ियों ने अपना दम दिखाते हुए बालक वर्ग के सब जूनियर कैटेगरी में मानस यादव , जूनियर कैटेगरी में मानस मिश्रा, गोल्ड मेडल संस्कार कश्यप सिल्वर मेडल बालिका वर्ग में रिद्धि दुबे, गोल्ड मेडल अन्या यादव गोल्ड मेडल आराध्या शाह, सिल्वर मेडल इशिका कश्यप, ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करने में सफल रहे।

## मारक्रम और बॉश ने जड़े अर्धशतक

### दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 301 रन पर ढेर, कुल 90 रन की बढ़त

**सेंचुरियन, वार्ता** : एडन मारक्रम (89) और कॉर्बिन बॉश (नाबाद 81) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को 301 रनों का स्कोर खड़ा कर पाकिस्तान के खिलाफ 90 रनों की बढ़त ले ली है।

दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार के तीन विकेट पर 82 रन से आगे खेलना शुरु किया। दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट कप्तान तेम्बा बवूमा (31) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए डेविड बेडिंघम ने एडन मारक्रम के साथ पारी को संभाला। नसीम शाह ने बेडिंघम (30) को आउट कर इस बढ़ रही साझेदारी को तोड़ा। काइल वेरेन और मार्को यानेसन (दो-दो) रन बनाकर आउट हुए। ऐसे संकट के समय में बल्लेबाजी करने आए कॉर्बिन बॉश शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। 56वें ओवर में खुर्रम शहजाद ने एडन मारक्रम को रिजवान के हाथों कैच आउट करा दिया। मारक्रम ने 144 गेंदों में (89) रनों की पारी खेली। सैम अयूब ने डेन पैटरसन (12) को आउट कर दक्षिण अफ्रीकी पारी का अंत किया। कॉर्बिन बॉश (81) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने 73.4 ओवर में 301 रनों का स्कोर खड़ा करते हुए पाकिस्तान की पहली पारी के आधार पर 90 रनों की बढ़त ले ली है। पाकिस्तान की ओर से खुर्रम शहजाद और नसीम शाह ने तीन-तीन विकेट लिए और मोहम्मद अब्बास और सैम अयूब को एक-एक विकेट मिला।

आमेर जमाल ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले पाक ने पहली पारी में 211 रन बनाए थे।



## महिला टीम ने वनडे सीरीज में किया क्लीन स्वीप

### भारतीय महिला टीम ने तीसरा वनडे पांच विकेट से जीता, रेणुका प्लेयर ऑफ द सीरीज

● वड़ोदरा

**दीप्ति** शर्मा (छह विकेट और नाबाद 39 रन ) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। इसी के भारतीय टीम ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली हैं।

वेस्टइंडीज के 162 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 23 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। स्मृति मंधाना (04) और हरलीन देओल (01) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद प्रतिका रावल और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने प्रतिका रावल (18) को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। 13वें ओवर में ऐफी फ्लेचर ने हरमनप्रीत कौर (32) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स तथा दीप्ति शर्मा ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 56 रनों की साझेदारी हुई। 25वें ओवर में करिश्मा रामहैरक ने जेमिमाह रॉड्रिग्स (29) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए टीम को पांच विकेट से जीत दिला दी। दीप्ति शर्मा ने 48 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 39) रनों की पारी खेली। वहीं ऋचा घोष ने 11 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए तूफानी अंदाज में (नाबाद 23)रन बनाये। भारत ने 28.2 ओवर में 167 रन बनाकर मुकाबला और 3-0 से सीरीज भी जीती। वेस्टइंडीज की ओर से डिएंड्रा डॉटिन, आलिया ऑलेन, हेली मैथ्यूज, करिश्मा रामहैक और ऐफी फ्लेचर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दीप्ति शर्मा (छह विकेट) और रेणुका सिंह (चार विकेट) शानदार गेंदबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की पूरी टीम को 162 के स्कोर पर ढेर कर दिया था। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र नौ रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिए। इसके बाद शमैन कैंपबेल और शिनेल हेनरी की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी हुई।



## अंतिम मिनट में राहुल के सुपर टैकल से हरियाणा फाइनल में

**पुणे, वार्ता** : अंतिम मिनट में राहुल सेतपाल द्वारा किए गए सुपर टैकल की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में यूपी योद्धाज को 28-25 से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। हरियाणा लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। अंतिम 30 सेकेंड में हरियाणा 26-25 से आगे थे। वे सुपर टैकल सिचुएशन में थे। गगन गौड़ा का रेड मैच की तस्वीर बदल सकता था। सही वक्त पर सेतपाल ने गगन को सुपर टैकल कर अपनी टीम की जीत पक्की कर दी। हरियाणा के लिए शिवम पटारे ने सात, विनय ने 6 और राहुल ने 5 अंक लिए। यूपी के लिए गगन ने सुपर-10 लगाया। गगन ने पहली रेड पर शादलू का शिकार किया लेकिन विनय ने मल्टीप्वाइंटर के साथ उन्हें रिवाइव करा लिया। इसके बाद यूपी ने लगातार चार अंक लेकर 5-2 की लीड ले ली।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)